




खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र







Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 | रविवार, 05 अप्रैल, 2026 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 12 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-8 | अंक-92

# पानी और बियर... थोड़ी-थोड़ी पिया करो !

**नयी दिल्ली, 04 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

भारत में गर्मी बढ़ने लगी है और देश के कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार जाने की संभावना जताई जा रही है। इसी बीच ईरान के साथ जारी युद्ध ने भारत के करीब 6 अरब अमेरिकी डॉलर के बोतलबंद पानी उद्योग पर दबाव बढ़ा दिया है। इसके पीछे का कारण कच्चा माल हासिल करने में हो रही मुश्किलें हैं। पिछले महीने बाजार की अग्रणी कंपनी बिसलेरी ने अपनी कीमतों में 11% की बढ़ोतरी की जिससे एक-लीटर पानी के 12 बोतलों का पैक 24 रुपये महंगा हो गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, बेली और क्लियर प्रीमियम वाटर जैसे ब्रांड्स ने भी अपनी कीमतें बढ़ाई हैं। डेटा फॉर इंडिया के एक अध्ययन के मुताबिक, लगभग 15% शहरी और 6% ग्रामीण परिवार पीने के पानी के लिए बोतलबंद पानी पर निर्भर हैं। हालांकि यह विकल्प महंगा है, खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए। इसके बावजूद, भारत के कई हिस्सों में साफ पानी की उपलब्धता अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, खासकर गर्मियों के दौरान जब पानी की कमी, भूजल प्रदूषण और बुनियादी ढांचे की कमी जैसी समस्याएं ज्यादा बढ़ जाती हैं।



ब्रांड्स और बोतल बनाने वाली कंपनियां चेतावनी दे रही हैं कि अगर युद्ध लंबा चलता है, तो एक जरूरी चीज की कीमत इतनी बढ़ सकती है कि बहुत से लोगों के लिए उसे खरीदना मुश्किल हो जाएगा। दुनिया की लगभग 20% तेल और गैस की आपूर्ति आमतौर पर हॉर्मुज़ स्ट्रेट से होकर गुजरती है जिसकी फिलहाल ईरान ने लगभग पूरी तरह से नाकेबंदी कर रखी है। इससे वैश्विक शिपिंग प्रभावित हुई है और ईंधन की कीमतों में तेज उछाल आया है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है और वह इस दबाव को महसूस कर रहा है। महाराष्ट्र बोतलबंद पानी निर्माता संघ के अध्यक्ष विजयसिंह दुब्बल के अनुसार, बोतलबंद पानी की बढ़ती कीमतों के पीछे मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल है। इस सप्ताह ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 119 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के संघर्ष की शुरुआत के बाद के उच्चतम स्तरों में से एक है। कच्चे तेल का उपयोग पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) रेजिन पेलेट्स बनाने में किया जाता है। गर्म कर मोल्ड में डालकर पीईटी प्रीफॉर्म तैयार किए जाते हैं, जो दिखने में प्लास्टिक टेस्ट ट्यूब जैसे होते हैं। इन्हें बाद में अलग-अलग आकार और साइज की बोतलों में ढाला जाता है। दुब्बल बताते हैं, प्रीफॉर्म की कीमत 115 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर लगभग 180 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। साथ ही इसकी आपूर्ति में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बोतल बनाने वाली करीब 20% इकाइयों ने अस्थायी रूप से उत्पादन बंद कर दिया है।

**कंपनियों ने 12-15% बढ़ोतरी की मांग की**

हालांकि कुछ कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई हैं, लेकिन दुब्बल के मुताबिक कई ब्रांड्स ▶8पर

# KCR कैंप में घुसे कांग्रेसी

## गज्वेल कार्यालय में तोड़फोड़, फ्लेक्सी विवाद ने बढ़ाई तनातनी





**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और गज्वेल विधायक के. चंद्रशेखर राव के कैंप कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़ के बाद इलाके में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस घटना के विरोध में बीआरएस ने सोमवार को गज्वेल बंद का आह्वान किया है।सिद्दीपेट जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता जबरन कैंप कार्यालय में घुस गए, जो कि एक सरकारी संपत्ति है। प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के मुख्य द्वार के पास कांच के शीशे तोड़ दिए और गमले फेंके। प्रदर्शनकारी केसीआर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परिसर के भीतर दाखिल हुए और कार्यालय के अंदर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की तस्वीर लगा दी।पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पुलिस के अनुसार, यह हिंसा उस तनाव का परिणाम है जो गुरुवार को एक वार्ड स्तरीय ग्राम पालना बैठक के दौरान शुरू हुआ था।

**विवाद की जड़: प्रोटोकॉल और फ्लेक्सी**

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में बीआरएस समर्थकों ने केसीआर की तस्वीर न होने पर आपत्ति जताई थी और इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया था। इस दौरान बीआरएस कार्यकर्ताओं ने रेवंत रेड्डी की तस्वीर वाली एक फ्लेक्सी को फाड़ दिया था, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई कार्रवाई को इसी घटना के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। बीआरएस नेताओं ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और सत्ताधारी दल पर इस तरह की हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। ▶8पर

## लोकतंत्र पर सीधा हमला : हरीश राव



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**

बीआरएस के डिप्टी फ्लोर लीडर टी. हरीश राव ने शनिवार को विपक्ष के नेता और ग़ज़्वेल विधायक के. चंद्रशेखर राव के कैंप कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए हमले की तीखी आलोचना की है।

हरीश राव ने आरोप लगाया कि यह हमला मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के सीधे आदेश पर किया गया था। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री द्वारा खुद प्रायोजित लोकतंत्र पर हमला करार दिया। उन्होंने सत्ता के नशे में चूर कांग्रेस नेताओं के आचरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे दिनदहाड़े लापरवाही से काम कर रहे हैं। उन्होंने पूछा, यदि निर्वाचित प्रतिनिधियों के कैंप कार्यालयों पर इस तरह के हमले हो रहे हैं, तो क्या इस राज्य में कानून-व्यवस्था का कोई अस्तित्व है? ▶8पर

### एमआईएम के हवाले SIR ?

# चंद्रायनगुट्टा में स्वतंत्र मैपिंग का आरोप

**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

हैदराबाद में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक विवाद भी खड़ा हो गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि चंद्रायनगुट्टा निर्वाचन क्षेत्र में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने बीएलओ की यूजर आईडी और पासवर्ड लेकर स्वतंत्र रूप से मैपिंग कार्य किया। भाजपा नेता पोन्ना वेंकट रमना ने इसे अवैध बताते हुए जांच की मांग की और एक वीडियो भी जारी किया। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने जांच के बाद इन आरोपों को निराधार बताकर खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया, लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। बूथ लेवल एजेंट केवल नियमित चुनावी कार्य के दौरान बीए-



लओ की सहायता कर रहे थे। जीएचएमसी कमिश्नर आर.वी. कर्णन द्वारा की गई जांच में पाया गया कि बीएलओ ने केवल स्थानीय सहायता ली थी, कोई संवेदनशील जानकारी साझा नहीं की गई थी। चुनाव अधिकारियों ने दोहराया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी तरह से दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित की जा रही है।

## तेलंगाना में SIR अब मई में

**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

तेलंगाना में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में एक महीने की देरी होने की संभावना है। हैदराबाद और मेडचल-मलकाजगिरी जिलों में प्री-एसआईआर मैपिंग की धीमी गति को लेकर चिंताओं के बीच यह फैसला लिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा: अप्रैल में एसआईआर नहीं हो रहा है। इसके मई में होने की संभावना है। भारत निर्वाचन आयोग की मशीनरी वर्तमान में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के चुनावों में व्यस्त है। इसके अलावा, देश में जनगणना का कार्य भी चल रहा है।उन्होंने स्पष्ट किया कि हालांकि तेलंगाना में एसआईआर के लिए शिक्षकों को तैनात नहीं किया जाता (यहाँ अन्य सरकारी कर्मचारी यह कार्य करते हैं), लेकिन अन्य राज्यों में शिक्षक जनगणना और एसआईआर दोनों कर रहे हैं। ▶8पर

### केरल में विपक्ष पर बरसे मोदी, कहा

# भारतीयों के लिए मुसीबत खड़ी कर रही है कांग्रेस

**तिरुवनंतपुरम, 04 अप्रैल (एजेंसियां) ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरल के तिरुवल्ला में जनसभा की। उन्होंने कहा- कांग्रेस चाहती है कि वेस्ट एशियाई देश भारत को अपना दुश्मन समझें। हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें, कोई ऐसा बयान दे दें जिससे खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों को वहां से बाहर निकलने में मुसीबत आ जाए, इसलिए कांग्रेस खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है।

कांग्रेस चाहती है कि पैनिक फैले और कांग्रेस को मोदी को गालियां देने का मौका मिले। मैं कांग्रेस, यूडीएफ, एलडीएफ के लोगों से कहना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह पर है, चुनाव आते जाते रहेंगे लेकिन केरल के लाखों भाई-बहन वहां हैं उनकी सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है।

मोदी ने कहा- इस बार के चुनाव में केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सरकार जाएगी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की सरकार आएगी। मैं पहले भी केरल आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। केरल एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। इस बार सत्ता परिवर्तन होगा।

पीएम मोदी ने कहा- इस चुनाव में केरल को कुछ फायदा होने की संभावना है। लेकिन मेरे लिए पर्सनली, बहुत बड़ा नुकसान होगा। आप सोच रहे होंगे कि जब मोदी को नुकसान हो रहा है तो केरल को कैसे फायदा हो सकता है? वी. मुर-लीधरन, जो यहां चुनाव लड़ रहे हैं, पिछले पांच सालों से मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरे देश में घूमकर जानकारी इकट्ठा की है। एक तरह से, वह मेरे पक्के साथी रहे हैं और काम के लिए मेरे दाहिने हाथ की तरह बन गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दक्षिण भारत के जिन राज्यों ने आबादी नियंत्रण में अच्छा काम किया है, ▶8पर

# ड्राइविंग लाइसेंस अब नहीं आसान

### तेलंगाना में अनिवार्य रोड सेफ्टी टेस्ट की तैयारी

**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**



तेलंगाना में अब ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना काफी चुनौतीपूर्ण होने वाला है। अधिकारी अब लाइसेंसिंग प्रक्रिया को और अधिक कड़ा बनाने की योजना बना रहे हैं, जिसके तहत आवेदक को लर्नर लाइसेंस के लिए आवेदन करने से पहले ही रोड सेफ्टी अवेयरनेस यानी सड़क सुरक्षा जागरूकता की परीक्षा पास करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया के बाद, लर्नर लाइसेंस से पहले एक अनिवार्य ऑनलाइन सड़क सुरक्षा परीक्षण शुरू करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आवेदक बुनियादी सड़क अनुशासन और सुरक्षा की समझ के साथ ही लाइसेंसिंग प्रणाली में प्रवेश करें।

संयुक्त परिवहन आयुक्त (आईटी और सतर्कता) एम. चंद्रशेखर गौड़ ने कहा: सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद एक प्रस्ताव विचाराधीन है। तेलंगाना ने ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अनिवार्य ऑनलाइन सड़क सुरक्षा जागरूकता परीक्षण को पूर्व-शर्त के रूप में पेश करने की दिशा में कदम उठाए हैं। एक समिति का गठन किया गया है, और अप्रैल के अंत तक रिपोर्ट आने की उम्मीद है। उसके आधार पर इस टेस्ट को अनिवार्य कर दिया जाएगा।

**अब तीन चरणों वाली प्रक्रिया होगी**

यदि यह लागू होता है, तो नई प्रणाली तीन चरणों वाली लाइसेंसिंग प्रक्रिया पेश करेगी। वर्तमान में, आ-वेदकों को केवल दो चरणों(एलएलआर टेस्ट और फाइनल ड्राइविंग टेस्ट)से गुजरना पड़ता है। प्रस्तावित ढांचे में एलएलआर आवेदन से पहले एक ऑनलाइन सुरक्षा जागरूकता परीक्षण को पहले चरण के रूप में जोड़ा जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, यह ऑनलाइन प्रोग्राम लगभग 30-30 मिनट के छह मॉड्यूल का होगा, जो कुल तीन घंटे का होगा। प्रशिक्षण और मूल्यांकन के मिश्रण के रूप में डिज़ाइन किए गए प्रत्येक खंड में संक्षिप्त मूल्यांकन शामिल होंगे। उम्मीदवार इस परीक्षा को कैमरा-सक्षम लैपटॉप या डेस्कटॉप का उपयोग करके घर बैठे या अधिकृत ड्राइविंग स्कूल केंद्रों पर दे सकते हैं। कोर्स पूरा होने पर, आ-वेदकों को एक विशिष्ट प्रमाणपत्र नंबर मिलेगा, जो एलएल आवेदन के साथ आगे बढ़ने के लिए आवश्यक होगा। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से वीडियो-आधारित पाठों पर आधारित होगा, जिसमें वास्तविक सड़क दुर्घटनाओं के दृश्य, ड्राइविंग के दौरान होने वाली सामान्य गलतियाँ और सुरक्षित ड्राइविंग के तरीके दिखाए जाएंगे। इसमें शीशों का सही उपयोग, सुरक्षित ओवरटेकिंग और जिम्मेदार सड़क व्यवहार जैसे आवश्यक पहलुओं को शामिल किया जाएगा, ताकि टाली जा सकने वाली गलतियों को रोका जा सके।

**सड़क सुरक्षा डेटा और पारदर्शिता**

यह कदम खतरनाक सड़क सुरक्षा आंकड़ों के बीच उठाया गया है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं के कारण सालाना लगभग 1.7 लाख मौतें दर्ज की जाती हैं, जिसमें तेलंगाना जैसे राज्यों में हर साल हजारों मौतें और घायल होने के मामले सामने आते हैं। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से परिवहन कार्यालयों में बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी और लाइसेंसिंग प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता आएगी। हालांकि यह प्रणाली अधिक सख्त हो सकती है, लेकिन अधिकारियों का तर्क है कि सुरक्षित और अधिक जिम्मेदार ड्राइवर तैयार करने की दिशा में यह एक आवश्यक कदम है।

## कार्टून कॉर्नर




### ईरान के चक्रव्यूह में फंसा अमेरिका

# स्वदेशी सिस्टम से गिराए फाइटर

**नयी दिल्ली, 04 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच ईरान ने अपनी सैन्य ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के तहत संचालित खातम अल-अनबिया मुख्यालय ने शनिवार (4 अप्रैल) को सरकारी टेलीविजन पर बयान जारी कर कहा कि उसने युद्ध के 35वें दिन एक नए एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया, जिसके जरिए अमेरिकी फाइटर जेट, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों को निशाना बनाया गया। आईआरजीसी के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फकारी ने कहा कि शुक्रवार (3 अप्रैल) का दिन ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम के लिए गौरव का दिन था। उन्होंने दावा किया कि ईरानी बलों ने दुश्मन के फाइटर जेट, हेलीकॉप्टर, ड्रोन पर 'तेज, सटीक और शक्तिशाली' हमला किया और कई को मार गिराया। उन्होंने इस दिन को अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए बेइज्जती का ब्लैक फ्राइडे करार दिया। ▶8पर



# भारतीय वायुसेना के लिए बनेंगे 1000 किलो के 600 एरियल बम

**नयी दिल्ली, 04 अप्रैल (एजेंसियां) ।**



वेस्ट एशिया में जारी संघर्ष और ऑपरेशन सिंदूर से मिले अनुभवों के बाद भारत अब अपनी सैन्य तैयारियों को बड़े स्तर पर ले जा रहा है। इसके तहत रक्षा मंत्रालय भारतीय वायु सेना के लिए 1000 किलोग्राम के मेड इन इंडिया एरियल बमों की खरीद की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह कदम सीधे तौर पर वायु सेना की मारक क्षमता को बढ़ाएगा।

इन बमों को अमेरिका की घातक एमके-84 जैसी क्षमता वाला माना जा रहा है, जो करीब 2000 पाउंड विस्फोटक ले जाने में सक्षम होता है। अभी तक इस श्रेणी के बमों के लिए भारत को विदेशी निर्माताओं पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब फोकस मेड इन इंडिया पर है। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 के तहत ▶8पर

# तिर्यानी पुलिस स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण, एसपी नितिका पंत ने सुरक्षा व शालीनता पर ज़ोर दिया




**आसिफाबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला पुलिस अधीक्षक नितिका पंत ने शनिवार को तिर्यानी पुलिस स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर, दर्ज रजिस्टर, लंबित मामलों की प्रगति, हाजिरी रजिस्टर और साफसफाई की स्थिति का बारीकी से जायज़ा लिया।

एसपी ने थानेदार वेंकटेश और पुलिस स्टाफ को कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा बनाए रखने में हर पुलिसकर्मी हमेशा सतर्क रहना चाहिए। गांवों में अवैध गतिविधियों, असामाजिक तत्वों, अवैध परिवहन और मादक पदार्थों की रोकथाम पर विशेष नजर रखी जाए। मंडल केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारियों व नागरिकों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित करने के भी आदेश दिए गए।एसपी नितिका पंत ने स्पष्ट किया कि स्टेशन आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता और नागरिक के साथ शालीनता और सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में विशेष सावधानी बरतने पर बल दिया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु रात में गश्त और पेट्रोलिंग नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए गए।

अंत में एसपी ने चेतावनी दी कि जनता की सुरक्षा में बाधा डालने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पेद्दापल्ली में अत्यंत जटिल ऑर्थोपेडिक सर्जरी सफलतापूर्वक सम्पन्न



**पेद्दापल्ली, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
पोथकापल्ली, ओदेला मंडल की निवासी 80 वर्षीय गंगारापू गंगम्मा को गिरने के कारण कूल्हे की हड्डी में गंभीर चोट और फ्रैक्चर होने पर सिविल अस्पताल लाया गया।अपने व्यापक अनुभव और असाधारण विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. कुमार ने आज मरीज पर सर्जिकल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए चार घंटे तक लगन से काम किया।मरीज के परिजनों ने स्थानीय विधायक, जिला कलेक्टर और ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए, अधीक्षक ने बताया कि पेद्दापल्ली सरकारी अस्पताल में अत्यंत कुशल वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जनडॉ. कुमार, डॉ. श्रीनिवास रेड्डी और डॉ. विनयउपलब्ध हैं, और उन्होंने जनता को उनकी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# गोदावरी पुष्कर 2027 : चेन्नूर में तैयारियां तेज, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर इंतजाम सुनिश्चित किए जाएँगे : गड्डम विवेकानंद



**मंचेरीयाल, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोदावरी पुष्कर 2027 को लेकर चेन्नूर में तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। राज्य के मंत्री गड्डम विवेकानंद ने अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाएँ समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

शनिवार को मंत्री ने गोदावरी नदी किनारे पहुंचकर पुष्कर घाट और अन्य कामों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह बड़ा धार्मिक आयोजन है, इसलिए श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई, पीने के पानी, बिजली, रोशनी और यातायात की अच्छी व्यवस्था करने को कहा। महांकाली कॉलोनी से पुष्कर घाट तक नई बिजली लाइन लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।मंत्री ने बताया कि सरकार ने इस आयोजन के लिए 500 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं और सभी कामों की निगरानी के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है।

जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि चेन्नूर में हर दिन करीब 2 लाख श्रद्धालु आने की संभावना है। इसे देखते हुए पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण, शौचालय और कपड़े बदलने के कमरों की व्यवस्था की जा रही है। सभी काम फरवरी 2027 तक पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके बाद मंत्री ने इंडोर स्टेडियम, 100 बेड वाले सरकारी अस्पताल और बस डिपो के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और उन्हें जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची विशेष समग्र संशोधन कार्यक्रम को पुख्ता रूप से संचालित करने के दिए निर्देश




**आसिफाबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री सुदर्शन रेड्डी ने निर्देश दिए हैं कि मतदाता सूची विशेष समग्र संशोधन कार्यक्रम को पूरी तरह से पुख्ता तरीके से संचालित किया जाए। शनिवार को हैदराबाद स्थित राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के चुनाव अधिकारी, कलेक्टर और सहायक चुनाव अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर श्री रेड्डी ने कहा कि तहसीलदारों, सुपरवाइज़र्स और बूथ स्तर अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा होना चाहिए, रिक्त पदों को तुरंत भरा जाए और सभी अधिकारियों को पहचान पत्र प्रदान किए जाएँ। उन्होंने राजनीतिक दलों से बूथ स्तर एजेंटों की सूची प्राप्त कर उन्हें कार्यक्रम की महत्ता समझाने पर भी ज़ोर दिया।जिला कलेक्टर श्रीमती के. हरिता ने बताया कि जिले में कुल 678 मतदान केंद्र हैं और प्रत्येक केंद्र पर बूथ स्तर अधिकारी नियुक्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें प्रशिक्षण और पहचान पत्र पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं। राजनीतिक दलों से बूथ एजेंटों की सूचियाँ ली जा रही हैं तथा फॉर्म 6, 7 और 8 के निपटान की कार्रवाई जारी है। श्रीमती हरिता ने बताया कि विशेष समग्र संशोधन कार्यक्रम जल्द ही अधिकारियों के समन्वय से पुख्ता तरीके से संचालित किया जाएगा।इस बैठक में उप-कलेक्टर, राजस्व मंडल अधिकारी और निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जॉब मेला 8 अप्रैल को श्रीराम लाइफ में मार्केटिंग के 15 पदों के लिए भर्ती

**पेद्दापल्ली, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
शनिवार को जारी बयान में जिला रोजगार अधिकारी वाई. तिरुपति राव ने घोषणा की कि बुधवार, 8 अप्रैल को जिला रोजगार कार्यालय में जॉब मेला (रोजगार मेला) आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस एंड फाइनेंस कंपनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि श्रीराम लाइफ के अंतर्गत विभिन्न मंडलों में मार्केटिंग के 15 पद वर्तमान में रिक्त हैं।

उन्होंने जिले के बेरोजगार युवाओं से आग्रह किया है कि वे इन अवसरों का प्रभावी रूप से लाभ उठाएँ। आवश्यक शैक्षणिक योग्यता किसी भी डिग्री के समान्याधिकता है और आवेदकों की आयु सीमा 25 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

इच्छुक उम्मीदवार अपना नाम पंजीकृत करवाने के लिए बुधवार, 8 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे पेद्दाकला स्थित नए कलेक्ट्रेट परिसर की पहली मंजिल, कमरा सं. 233 में उपस्थित हों। साथ में अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेज और आधार कार्ड की फोटोकॉपी अवश्य लाएं। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क करें: 8985336947 या 8121262441।

# मुदखेड़ में कई कार्यकर्ता अशोकराव के समक्ष भाजपा में शामिल



**मुदखेड़, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मुदखेड़ तालुका के वाई क्षेत्र के कई कार्यकर्ता आज पूर्व मुख्यमंत्री अशोकराव चव्हाण के हाथों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

वाई के पूर्व सरपंच गोविंदराव पाटिल शिंदे की पहल पर सेवा सहकारी सोसायटी के चेयरमैन रामराव इंजेवाड़, पूर्व सरपंच राजेश इंजेवाड़, महेंद्र गिरी, दिलीप पाटिल तिड़के, ज्ञानेश्वर शिंदे, वेंकटराव पाटिल पवार, बालाजी पेंटेवाड़, बालाजी टोटेवाड़, गोविंदराव पाटिल जाधव, मानेजी पाटिल तिड़के, मस्तानसब पठाण, देवराव पाटिल काले, आनंद हनवटे, राहुल सोनकांबले, शंकरराव हनवटे, बी. जी. राठौड़, केशव पाटिल धागे, उद्धव पाटिल हंबार्डे, सुनील वाघमारे और भगवान हनवटे सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर सीनियर लीडर गोविंदराव पाटिल शिंदे नागेलीकर, मुदखेड़ भाजपा ग्रामीण तालुका अध्यक्ष दत्तू देशमुख वाडीकर, पूर्व जिला परिषद सदस्य भीमराव पाटिल कल्याणे, रोहिदास जाधव, मारोती पाटिल शंखतीर्थंकर, केशव मुंगल और अन्य स्थानीय नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पताल में कर्मचारियों को मासिक स्टार परफ़ॉर्मर पुरस्कार

## अप्रैल में जी. कविता व एस. शैलजा को सम्मान




**पेद्दापल्ली, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
ज़िला कलेक्टर के निर्देशानुसार, पेद्दापल्ली सरकारी अस्पताल में कार्यरत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर हर महीने स्टार परफ़ॉर्मर पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। अप्रैल महीने के लिए सुश्री जी. कविता (फ़ार्मासिस्ट) और सुश्री एस. शैलजा (ऑप्टोमेट्रिस्ट) को उनके संबंधित विभागों में प्रदर्शित असाधारण योग्यता के सम्मान में स्टार परफ़ॉर्मर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में ज़िला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. के. श्रीधर, आरएमओ डॉ. विजय कुमार, नर्सिंग अधीक्षक जमुना व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया जो कुंडलवाड़ी में महालक्ष्मी मंदिर इलाके में तलवार लेकर घूम रहा था। उसके खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के साथ धारा 137 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# हुज़ूराबाद में डंपिंग यार्ड का विरोध, बंडी संजय ने दी आंदोलन की चेतावनी



**करीमनगर, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने शनिवार को हुज़ूराबाद में प्रस्तावित डंपिंग यार्ड को तत्काल वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस निर्णय को रद्द नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

करीमनगर जिले के सिरसापल्ली और रंगपुर गांवों के पास प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इस परियोजना को एक ''गलत निर्णय'' करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और वन्यजीवों पर बुरा असर पड़ सकता है। संजय कुमार ने डंपिंग यार्ड के स्थान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि रिहायशी इलाकों के बीच कचरा यार्ड स्थापित करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही यह प्रस्ताव पिछली सरकार के कार्यकाल में शुरू हुआ हो, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार इसे आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने इस परियोजना का विरोध कर रहे ग्रामीणों को अपना पूर्ण समर्थन देने की भी घोषणा की।

शासन व्यवस्था पर चर्चा करते हुए, संजय कुमार ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के 'छह गारंटियों' के कार्यान्वयन के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने एक खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि यह साबित हो जाता है कि तेलंगाना में छह गारंटियां लागू की गई हैं, तो मैं अपने मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं।

उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि वे केरल के मीडिया के साथ मिलकर संयुक्त रूप से जमीनी स्तर पर इसका निरीक्षण करें।उन्होंने उन आश्वासनों की सूची गिनाई जो उनके अनुसार अब तक पूरे नहीं हुए हैं, जिनमें शामिल हैं। जिनमें- महिलाओं के लिए मासिक वित्तीय सहायता। दुल्हनों के लिए कल्याणकारी लाभ और बेरोजगारी भत्ता।उन्होंने मुख्यमंत्री की हालिया केरल यात्रा की भी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह केवल पार्टी हितों से जुड़ी थी। अंत में, उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें।

# निज़ामाबाद सीसीएस टीम ने जुए के अड्डे पर छापा मारा, चार गिरफ्तार



**निज़ामाबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
निज़ामाबाद पुलिस कमिश्नर पी. साई चैतन्य के आदेश पर सीसीएस एसीपी मस्तान अली के नेतृत्व में सीसीएस कर्मचारियों ने आज एक जुए के अड्डे पर छापा मारा।यह छापा जकरनपल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत कालीगोट गांव के बाहरी इलाके में चल रहे जुए के अड्डे पर पड़ा। कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनकी तलाशी के दौरान चार गाड़ियाँ, तीन मोबाइल फोन और 10,940 रुपये नकद ज़ब्त किए गए।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों और ज़ब्त सामग्रियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जकरनपल्ली पुलिस स्टेशन के एसएचओ को सौंप दिया गया है।

# एसआईआर : मतदाता मैपिंग प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जानी चाहिए : सुदर्शन रेड्डी




**पेद्दापल्ली, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि विशेष सारांश संशोधन कार्यक्रम के मद्देनजर मतदाता मैपिंग प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा किया जाना चाहिए।विशेष सारांश संशोधन कार्यक्रम के संबंध में, राज्य निर्वाचन आयोग के उएज सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक समीक्षा बैठक की।इस अवसर पर बोलते हुए, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुदर्शन रेड्डी ने विशेष सारांश संशोधन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मतदाता मैपिंग प्रक्रिया में प्रगति हासिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जाएं कि बूथ-स्तरीय अधिकारी मैपिंग प्रक्रिया को तेजी से पूरा करें।उन्होंने आगे कहा कि बूथ-स्तरीय एजेंटों की नियुक्ति को अंतिम रूप देने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बूथ-स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा, बूथ-स्तरीय एजेंटों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री भी वितरित की जानी चाहिए।उन्होंने यह सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए कि कोई भी बूथ-स्तरीय अधिकारी का पद रिक्त न रहे, और निर्देश दिया कि किसी भी मौजूदा रिक्ति को तत्काल भरा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 के तहत लंबित आवेदनों को शीघ्रता से संसाधित और निपटाया जाए।इस अवसर पर बोलते हुए, जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर कोया श्री हर्षा ने कहा कि विशेष सारांश संशोधन कार्यक्रम के संबंध में जिले के कर्मचारियों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बूथ-स्तरीय एजेंटों की नियुक्ति के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तर पर बैठकें आयोजित की गईं।उन्होंने आगे बताया कि जिले के भीतर मतदाता मैपिंग प्रक्रिया को तेज करने के लिए विशेष उपाय किए गए हैं, और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मैपिंग अधिकतम संभव सीमा तक पूरी हो। उन्होंने कहा कि बूथ-स्तरीय अधिकारियों के प्रदर्शन की लगातार समीक्षा की जा रही है, और आवश्यकतानुसार आवश्यक समायोजन किए जा रहे हैं। राजस्व मंडल अधिकारी गंगय्या ने अन्य संबंधित अधिकारियों, चुनाव विभाग के कर्मचारियों तथा अन्य लोगों के साथ इस बैठक में भाग लिया।

# आज वैशाख संकष्टी चतुर्थी का व्रत

हिंदू धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य और विघ्नहर्ता माना गया है। प्रत्येक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। वैशाख माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली चतुर्थी को विकट संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और विधि-विधान से पूजन करने से जीवन के कठिन से कठिन संकट दूर हो जाते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि 5 अप्रैल को विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा। इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही संकष्टी चतुर्थी के दिन व्रत करने का भी विधान है। ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता बनी रहती है। प्रत्येक महीने के कृष्ण और शुक्ल और दोनों पक्षों की चतुर्थी को भगवान गणेश की विधान है। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायकी श्री गणेश चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। हर महीने में आने वाली संकष्टी और विनायक गणेश चतुर्थी को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। वैशाख कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को आने वाली संकष्टी चतुर्थी को विकट संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान गणेश को समर्पित संकष्टी चतुर्थी का व्रत हर महीने रखा जाता है, लेकिन वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी का विशेष महत्व होता है, जिसे विकट संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। हिंदू धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। उनकी कृपा शुभ-मांगलिक कार्यों में आ रही बाधाएं दूर करती हैं। साथ ही व्यक्ति को सफलता भी मिलती हैं। लेकिन गणेश जी का विशेष आशीर्वाद पाने के लिए विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत बेहद प्रभावशाली माना जाता है। पंचांग के अनुसार, हर साल वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर विकट संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन भगवान गणेश का विशेष रूप से पूजन किया जाता है, जिससे जीवन



नीतिका शर्मा
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

में आने वाली सभी बाधाएं दूर होती हैं। यही नहीं साधक को कठिन परिस्थितियों से मुक्ति भी प्राप्त होती हैं।

### शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, वैशाख कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि का आरंभ 5 अप्रैल 2026 को सुबह 11:59 मिनट पर होगा। चतुर्थी तिथि का समापन 6 अप्रैल को दोपहर 2:10 मिनट पर होगा। उदयातिथि और चंद्रोदय के मुताबिक, 5 अप्रैल 2026 को विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा।

### चंद्रोदय का समय

विकट संकष्टी चतुर्थी के दिन चंद्रोदय का समय रात 9:54 मिनट पर रहेगा। आपको बता दें कि संकष्टी चतुर्थी व्रत का पारण चंद्रोदय के समय ही किया जाता है।

### विकट संकष्टी चतुर्थी व्रत महत्व

भगवान गणेश के अष्टविनायक रूपों में से एक विकट रूप भी है। समस्त प्रकार के ज्ञात-अज्ञात भय, रोग, शोक एवं दुर्घटनाओं से मुक्ति हेतु भगवान विकट की पूजा की जाती है। भगवान विकट अपने भक्तों को अपराजेयता एवं निर्भयता प्रदान करते हैं और घोर से घोर महासंकटों में भक्तों की रक्षा करते हैं।

### व्रत से जुड़े नियम

व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और लाल या पीले वस्त्र धारण करें। भगवान गणेश के सामने हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प लें। दिन भर सात्विक रहें और क्रोध या अपशब्दों से बचें। सूर्यास्त के बाद गणेश जी की मूर्ति को लाल कपड़े पर स्थापित करें। उन्हें सिंदूर, अक्षत, फूल और 21 दूर्वा चढ़ाएं। बप्पा को मोदक या लड्डू का भोग लगाएं। रात में जब चंद्रमा उदय हो, तब चांदी के पात्र या लोटे में दूध, जल और अक्षत मिलाकर चंद्रमा को अर्घ्य दें। इसके बाद ही व्रत का पारण करें। पूजा का समापन आरती से करें। पूजा में हुई सभी गलती के लिए माफी मांगे।

### पूजन मंत्र

ॐ नमो सिद्धिविनायकाय सर्वकार्यकर्त्रे सर्वविघ्न प्रशमनाय।।

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ, निर्विघ्नं कुरु मे देवा, सर्व कार्येषु सर्वदा।।

ॐ गणानां त्वा गणपतिं हवामहे, प्रियाणां त्वा प्रियपतिं हवामहे, निधीनां त्वा निधिपतिं हवामहे।।

ॐ वक्रतुण्डाय हुम्।।

ॐ गं गणपतये नमः।।

# इन तारीखों पर जन्मी लड़कियां होती हैं घूमने फिरने की शौकीन



अंक ज्योतिष में किसी व्यक्ति की केवल जन्मतिथि को जानकर उसके जीवन, भविष्य और स्वभाव के बारे में बहुत कुछ जाना सकता है। मूलांक 1 से लेकर 9 वालों के अपने-अपने स्वामी ग्रह होते हैं जिनका प्रभाव इनके जीवन और स्वभाव पर भी देखने को मिलता है। अपनी जन्मतिथि का कुल योग जानकर आप भी अपना मूलांक जान सकते हैं। उदाहरण के लिए किसी भी माह की 11 तारीख का मूलांक (1+1= 2) 2 होगा। इस प्रकार मूलांक जानकर अपना भविष्यफल जाना जा सकता है। आज हम कुछ ऐसी मूलांक वाली लड़कियों के बारे में जानेंगे जो घूमने फिरने की बहुत शौकीन और बुद्धिमान होती हैं।

### मूलांक 4 की लड़कियों को होता है घूमने फिरने का शौक

अंक ज्योतिष के अनुसार, जिन जातकों का जन्म किसी भी महीने की 5, 14 या 23 तारीख को हुआ हो उनका मूलांक 5 होगा। 5 अंक के स्वामी ग्रह बुध होते हैं जिन्हें बुद्धि, व्यापार, संचार, बहन, वाणी और तर्क का प्रतीक माना गया है। ऐसे में मूलांक 5 की लड़कियों के जीवन और स्वभाव पर इनका प्रभाव देखने को मिलता है। अंक 5 की लड़कियों का घूमने फिरने का बहुत शौक होता है। ये नई-नई जगहों को एक्सप्लोर करने में काफी ज्यादा रुचि रखती हैं और इससे इन्हें प्रसन्नता भी महसूस होती है। इस मूलांक की लड़कियां विदेश यात्रा अधिक कर सकती हैं।

### ज्ञान और बुद्धिमानी से पाती हैं सफलता

मूलांक 5 का स्वामी ग्रह बुध होने से इस अंक लड़कियां बेहद बुद्धिमान और ज्ञानी होती हैं। अपनी बुद्धिमत्ता और ज्ञान से ही ये सफलता प्राप्त करती हैं। साथ ही, ये ऊर्जा से भरपूर रहती हैं और अपना कोई भी काम पूरी लगन और जोश से करती हैं। बिजनेस के क्षेत्र में भी यह अपनी क्रिएटिविटी और बुद्धिमानी से आगे बढ़ती हैं। बुध के प्रभाव से इनकी कम्युनिकेशन स्किल भी बेहद अच्छी होती है जो इन्हें बाकियों से अलग बनाती है। मूलांक 5 की लड़कियां कोई भी फैसला सोच-समझकर लेते हैं।

### ज्योतिष में रखती हैं रुचि

अंक ज्योतिष के मुताबिक 5, 14 या 23 तारीख पर जन्मी लड़कियां नई-नई योजनाएं बनानी रहती हैं। साथ ही, इनके दिमाग में अलग-अलग प्रकार के कार्य को लेकर ख्याल आते रहते हैं। साथ ही ये ज्योतिष में अधिक रुचि रखती हैं। मूलांक 5 की स्त्रियां विज्ञान और पत्र व्यवहार में आगे बढ़ सकती हैं। साथ ही, करियर के क्षेत्र में अच्छी अध्यापक, लेखाकार और उपदेशक बन सकती हैं। अंक 5 की लड़कियां अच्छी थिंकर होती हैं और इनका प्रभाव अधिक रहता है।

# रविवार के दिन सूर्य देव को जल देते हुए करें इन मंत्रों का जाप करियर में होगी तरक्की और जीवन हो जाएगा सुखमय

**हिंदू धर्म में रविवार का दिन सूर्य देव को समर्पित है। इस दिन सूर्य को जल अर्पित करना अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। सूर्य देव को जल चढ़ाने के साथ कुछ विशेष मंत्रों का जाप करने से करियर में तरक्की, आत्मविश्वास में वृद्धि और जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। शास्त्रों में वर्णित इन मंत्रों का नियमित जाप सूर्य दोष को दूर करता है और जातक को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।**

### सूर्य देव को जल अर्पित करने का महत्व

रविवार को सूर्य देव की पूजा और जल अर्पण करने से व्यक्ति को स्वास्थ्य, सम्मान, नेतृत्व क्षमता और आर्थिक उन्नति जैसे शुभ फल प्राप्त होते हैं। सूर्य देव को प्रसन्न करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और करियर में आने वाली रुकावटें स्वतः समाप्त हो जाती हैं। बता दें कि सूर्य को अर्घ्य देने का कार्य ना केवल धार्मिक है, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। सुबह सूर्य की किरणों के साथ जल अर्पित करने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मानसिक शांति मिलती है।

### सूर्य गायत्री मंत्र - करियर और बुद्धि के लिए

रविवार को सूर्य को जल चढ़ाते समय सूर्य गायत्री मंत्र का जाप अवश्य करें।

मंत्रः ॐ आदित्याय विद्महे दिवाकराय धीमहि तन्नो सूर्यः प्रचोदयात् ।।

यह मंत्र अत्यंत शक्तिशाली है। इसका जाप करने से बुद्धि तेज होती है, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है और करियर में आने वाली रुकावटें दूर होती हैं। जो लोग नौकरी, व्यापार या नेतृत्व संबंधी क्षेत्र में हैं, उन्हें यह मंत्र विशेष लाभ देता है। नियमित जाप से आत्मविश्वास बढ़ता है और तरक्की के नए अवसर मिलते हैं।

### ॐ सूर्याय नमः मंत्र - सुख-समृद्धि के लिए

सूर्य को अर्घ्य देते समय सबसे सरल और प्रभावी मंत्र है ॐ सूर्याय नमः। इस मंत्र का जाप 108 बार करना अत्यंत शुभ है। यह मंत्र सूर्य देव को प्रसन्न करने वाला है। इसका जाप करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। जीवन की छोटी-बड़ी समस्याओं से मुक्ति मिलती है और सूर्य की कृपा से व्यक्ति का तेज बढ़ता है।



### नकारात्मकता दूर करने वाला मंत्र

सूर्य देव को प्रसन्न करने और जीवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए यह मंत्र बहुत प्रभावी हैः ॐ घृणिः सूर्याय नमः ।।

इस मंत्र का जाप करने से सूर्य देव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। इससे मानसिक तनाव, भय और नकारात्मक विचारों से मुक्ति मिलती है। कारोबार में चल रही परेशानियों को दूर करने और आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए भी यह मंत्र अत्यंत लाभकारी है।

### सूर्य देव को जल अर्पित करने की सही विधि

* रविवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र (विशेषकर लाल या नारंगी रंग) धारण करें।
* तांबे के लोटे में शुद्ध जल, लाल फूल, अक्षत, रोली, चंदन और गुड़ डालें।
* सूर्य की ओर मुख करके खड़े हो जाएं और जल की धारा को सूर्य की ओर छोड़ते हुए मंत्रों का जाप करें।
* जल अर्पित करते समय सूर्य के दर्शन करें।
* अंत में सूर्य देव को प्रणाम करें और अपनी मनोकामना व्यक्त करें।

इस विधि से सूर्य अर्घ्य देने और मंत्र जाप करने से सूर्य देव अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

रविवार को नियमित रूप से सूर्य देव को जल अर्पित करते हुए इन मंत्रों का जाप करने से सूर्य की कृपा सदैव बनी रहती है और जीवन हर क्षेत्र में सुखमय हो जाता है।

# आस्था, विश्वास और भक्ति के 50 स्वर्णिम वर्षः 'म्हारी दादी' के चरणों में उमड़ेगा जनसागर, घांसी बाजार बनेगा दिव्यता का धाम

घांसी बाजार स्थित श्री दादी रानी सती जी मंदिर में रविवार, 5 अप्रैल 2026 का दिन एक ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक पर्व के रूप में मनाया जाएगा। म्हारी दादी के इस पावन धाम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आधी सदी से निरंतर प्रवाहित हो रही आस्था, सेवा, समर्पण और चमत्कारों की गाथा का उत्सव है, जिसने हजारों-लाखों श्रद्धालुओं के जीवन को स्पर्श किया है।



प्रातः 6:31 बजे जैसे ही मंदिर प्रांगण में मंगल ध्वनियां, शंखनाद और घंटियों की पवित्र गूंज उठेगी, पूरा वातावरण जय दादी की के जयकारों से गुंजायमान हो जाएगा। ऐसा प्रतीत होगा मानो स्वयं दिव्यता पृथ्वी पर उतर आई हो। हर भक्त का मन श्रद्धा से भर उठेगा, आंखें नम होंगी और हृदय में केवल एक ही भावना होगी - म्हारी दादी का आशीर्वाद।

इसके पश्चात सुबह 7:31 बजे भव्य शोभा एवं कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी, जो सतनारायण भवन, बड़का झाड़, मामा जुमला फाटक, अग्रवाल स्कूल और मरीना मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। इस यात्रा में शामिल हर श्रद्धालु अपने आप को धन्य महसूस करेगा, क्योंकि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि भक्ति और विश्वास की जीवंत झलक होगी।

इस दिव्य शोभा एवं कलश यात्रा की सबसे अद्भुत विशेषता यह होगी कि मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत और सत्कार किया जाएगा। कहीं फूलों की वर्षा होगी, तो कहीं आरती की थालियां सजेंगी; कहीं भक्तजन दादी के जयकारे लगाते हुए नजर आएंगे, तो कहीं सेवा भाव से जलपान और प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूरा घांसी बाजार क्षेत्र एक विशाल आध्यात्मिक उत्सव स्थल में परिवर्तित हो जाएगा, जहां हर गली, हर चौक, हर मार्ग भक्ति और उल्लास से सराबोर दिखाई देगा।

इस पावन अवसर पर विशेष मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तेजस राणा अपनी मधुर वाणी से दादी का गुणगान करेंगे। वहीं पंकज ओझा, कृष्ण यदुवंशी और विश्व ठाकुर अपने भावपूर्ण भजनों से ऐसा समां बांधेंगे कि हर श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर आत्मिक शांति का अनुभव करेगा। उनके भजनों की गूंज दूर-दूर तक फैलेगी और वातावरण को दिव्यता से भर देगी।

यह 50वां स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों का प्रतीक है, जहां म्हारी दादी ने अपने भक्तों की झोली खुशियों से भरी है, उनके दुख हर लिए हैं और जीवन में नई उम्मीद की किरण जगाई है। यह वह स्थान है, जहां आकर हर व्यक्ति अपने मन की व्यथा भूल जाता है और एक नई ऊर्जा, एक नई आस्था लेकर लौटता है।

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से भावपूर्ण अपील की है कि वे अपने परिवार, मित्रों और स्नेहीजनों के साथ अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य महोत्सव में सम्मिलित हों और म्हारी दादी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करें। यह अवसर केवल दर्शन का नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और भक्ति के उस महासागर में डुबकी लगाने का है, जो जीवन को धन्य बना देता है।

जब भक्ति 50 वर्षों की यात्रा पूरी करती है, तो वह केवल परंपरा नहीं बनती वह आस्था की अमर गाथा बन जाती है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हृदयों में ज्योति बनकर जलती रहती है।

# मंदिरों के शिखर सपाट क्यों नहीं होते? जानें इसके पीछे का विज्ञान

भारतीय मंदिरों की एक प्रमुख विशेषता उनके पिरामिडाकार और गगनचुंबी शिखर हैं। ये शिखर न केवल स्थापत्य कला का उत्कृष्ट नमूना हैं, बल्कि इनके निर्माण के पीछे प्राचीन भारतीय वास्तुकला, ऊर्जा विज्ञान और ध्वनि के गहरे सिद्धांत निहित हैं। मंदिरों की यह संरचना सदियों पुराने वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित है, जो मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। मंदिरों के शिखर सपाट नहीं, बल्कि नुकीली और पिरामिड जैसी आकृति वाली क्यों बनाए जाते है? कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के अनुसार, मंदिर का शिखर ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह आकाश की सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। जैसे मोबाइल में सिग्नल मिलता है, वैसे ही मंदिर का शिखर आकाश से सकारात्मक वाइब्रेशन को खींचकर भक्त तक पहुंचाता है। शिखर के ठीक नीचे मुख्य मूर्ति स्थापित होती है। यह आकृति ब्रह्मांड के मूल बिंदु का प्रतीक है। वैज्ञानिक और वास्तु दृष्टिकोण से, पिरामिडाकार संरचनाएं भीतर से रिक्त होने पर सकारात्मक ऊर्जा के संचयन का केंद्र बनती हैं। जब कोई श्रद्धालु इस ऊर्जा पुंज के नीचे बैठता है, तो उसे अद्भुत मानसिक शांति, आत्मिक उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है।

मंदिर का शिखर ध्वनि सिद्धांत पर आधारित होता है। यहां किए गए मंत्रों, घंटों और भजन की ध्वनियां गुंबद के कारण गूंजती हैं और पूरे मंदिर में फैल जाती हैं। शिखर और मूर्ति का केंद्र एक होने से मूर्ति में निरंतर ऊर्जा प्रवाहित होती रहती है। जब हम मूर्ति को स्पर्श करते हैं या सिर नवाते हैं, तो



वह ऊर्जा हमारे शरीर में भी प्रवेश करती है।

मंदिर के शिखर पर लगाया जाने वाला तांबे या सोने का कलश भी महत्वपूर्ण है। तांबा ऊर्जा का अच्छा संवाहक होता है। यह बिजली की तरह आने वाली नकारात्मक ऊर्जा को अवशोषित कर जमीन में पहुंचा देता है, जिससे मंदिर की सकारात्मकता बनी रहती है। प्राचीन काल में सोने के कलश का इस्तेमाल किया जाता था क्योंकि सोना सबसे अच्छा ऊर्जा संवाहक माना जाता है।

अन्य वैज्ञानिक कारण देखें तो शिखर की नुकीली आकृति सूर्य की किरणों को सीधे प्रभावित नहीं होने देती, इसलिए मंदिर का अंदरूनी हिस्सा गर्मी में भी ठंडा रहता है। शिखर की वजह से मंदिर दूर से दिखाई देता है, जिससे भक्त आसानी से पहुंच सकें। शिखर की यह आकृति किसी को मूर्ति के ऊपर खड़े होने से भी रोकती है, जो सम्मान का प्रतीक है।

मंदिरों का निर्माण पूर्ण वैज्ञानिक विधि से किया जाता है। यहां पवित्रता, शांति और दिव्यता का वातावरण बना रहता है। शिखर की वजह से मंत्रों की ध्वनि गूंजती है और भक्त को शारीरिक-मानसिक शक्ति मिलती है।



## पल्लवी जोशी : 90 के दशक में टेलीविजन पर किया राज

# आज खुद फिल्मों का कर रहीं निर्माण

हिंदी सिनेमा में पर्दे पर कई खूबसूरत और बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्रियों ने राज किया और लंबे समय तक अपनी अमिट छाप छोड़ी, लेकिन 90 के दशक में एक अभिनेत्री को 'टेलीविजन की क्वीन' का दर्जा मिला और उन्होंने कई पुरस्कार भी अपने नाम किए। हम बात कर रहे हैं पल्लवी जोशी की, जिन्होंने बाल कलाकार के तौर पर करियर की शुरुआत की, लेकिन एक समय ऐसा आया, जब उन्हें सिनेमा और टेलीविजन दोनों में काम मिलना बंद हो गया। मुंबई में 4 अप्रैल को जन्मी पल्लवी जोशी ने चार साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने साल 1979 में बाल कलाकार के रूप में फिल्म 'दादा' से पर्दे पर कदम रखा और 'मुन्नी' नामक बच्ची का किरदार निभाया था। जिसके बाद वे 'आदमी सड़क का', 'नाग मेरे साथी', और 'परख' जैसी फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री ने वैसे तो कई फिल्मों में प्रतिभाशाली भूमिका निभाई, लेकिन जो प्रसिद्धि उन्हें टेलीविजन से मिली, वो कहीं और नहीं मिली।

80 के दशक के अंत में अभिनेत्री ने 'मिस्टर योगी', 'तलाश', और 'इमली' जैसे सुपरहिट टीवी सीरियल में काम किया। उनका 'अल्पविराम' सीरियल सबसे ज्यादा लोकप्रिय हुआ था। पल्लवी जोशी डेली सोप में भी काम करने लगीं और बड़ा चेहरा बनीं। उन्होंने साल 1994 से फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। उन्हें 'वो छोकरी' फिल्म के लिए स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड भी मिला। सुबंकर घोष की इस फिल्म को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले थे।

कई अवॉर्ड और प्रभावशाली किरदार निभाने के बावजूद एक समय बाद पल्लवी को टीवी और फिल्मों दोनों में काम मिलना बंद हो गया। अभिनेत्री ने खुद इस बात का खुलासा किया कि कैसे उन्हें काम मिलना पहले कम और फिर बाद में बंद हो गया। उन्होंने एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा था कि एक डेली सोप का ऑफर आया था और सीरियल में लगभग सबकुछ फाइनल हो चुका था, लेकिन फिर कहा गया कि पल्लवी जोशी को मत लो, क्योंकि वो काली है।

यही कारण रहा कि मुझे सीरियल से बाहर निकाल दिया गया। मेरे समय की बहुत सारी अभिनेत्रियों को इन समस्याओं से दो-चार होना पड़ा, क्योंकि उस वक्त डेली सोप में लोग नए चेहरे देखना चाहते थे। नई अभिनेत्रियां आ रही थी और हमें वही घिसे-पिटे पुराने सास वाले किरदार ऑफर होने लगे। आज पल्लवी न सिर्फ फिल्मों में प्रभावशाली किरदार निभा रही हैं, बल्कि खुद फिल्मों का निर्माण भी कर रही हैं।

उन्होंने 'आई एम बुद्धा' नामक प्रोडक्शन हाउस खोला है। इसकी स्थापना उन्होंने अपने पति और प्रख्यात निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री के साथ मिलकर की है। यह प्रोडक्शन हाउस विशेष रूप से सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री के निर्माण के लिए जाना जाता है। इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले 'द ताशकंद फाइल्स', 'द कश्मीर फाइल्स', 'द बंगाल फाइल्स' और 'द वैक्सीन वॉर' जैसी फिल्में बन चुकी हैं। अभिनेत्री मराठी फिल्में भी बना चुकी हैं।



## रश्मिका मंदाना : पहली ही फिल्म से मिला हिट करियर और लाइफ पार्टनर, ऐसे टूटा रिश्ता कि बैन होने की आ गई नौबत

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिन्होंने 80 के दशक से लेकर अब तक हिंदी सिनेमा की तरफ रुख किया है। श्रीदेवी, जय प्रदा, हेमा मालिनी और रेखा समेत कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिनके करियर की नींव दक्षिण भारत में रखी गई लेकिन सफलता उन्हें हिंदी सिनेमा से मिली। आज के दौर की ऐसी ही अभिनेत्री हैं रश्मिका मंदाना, जिन्होंने दक्षिण भारत में हिट फिल्म देने के बाद पैन इंडिया सफलता पाने में देर नहीं लगाई। 5 अप्रैल को जन्मी रश्मिका तेलुगू और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में जाना-माना नाम बन चुकी हैं। उन्होंने फिल्म किरिक पार्टी से 2016 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और अपनी पहली ही फिल्म से रश्मिका बहुत बड़ी स्टार बन गई थीं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने अभिनेता रक्षित शेट्टी के साथ काम किया। 4 करोड़ में बनी फिल्म ने 50 करोड़ की मोटी कमाई की और यह फिल्म रश्मिका के करियर की पहली हिट भी बनी। इस फिल्म में न सिर्फ रश्मिका को अच्छा करियर दिया बल्कि उन्हें रक्षित शेट्टी के रूप में अच्छा पार्टनर भी मिला। दोनों की जोड़ी को कन्नड़ सिनेमा में बहुत पसंद किया जाने लगा और फैंस भी दोनों की जोड़ी को असल जोड़ी के रूप में देखने लगे। आलम ये था कि सेट पर रश्मिका और रक्षित के बीच नजदीकियां बढ़ चुकी थीं। दोनों ने फिल्म के सुपरहिट होने के बाद साल 2017 में सगाई की लेकिन दोनों का रिश्ता एक साल बाद ही टूट गया। अलग होने की वजह दोनों में वैचारिक मतभेद था लेकिन यह बात रक्षित के फैंस को बिल्कुल पसंद नहीं आई और उन्होंने अभिनेत्री को ट्रोल करना शुरू कर दिया और कन्नड़ सिनेमा से बैन करने की धमकी भी दी।

रश्मिका पर रक्षित को करियर की सीढ़ी बनाने का आरोप लगा। मामले को संभालने के लिए खुद रक्षित ने आकर अपने फैंस को अभिनेत्री के सामने कुछ भी न बोलने की अपील की क्योंकि अलग होने का फैसला दोनों का था। विवाद के बीच अभिनेत्री ने तमिल फिल्मों में कदम रखा और साल 2018 में उनकी 'चलो' फिल्म रिलीज हुई, जिसके बाद उन्हें 'गीता गोविंदम', 'डियर कॉमरेड,' 'भीष्म, सुल्तान' (तमिल), 'सरिलरु नीकेवरु' और 'सीता रामम' में देखा गया। दक्षिण भारत में सिक्का जमाने के बाद साल 2018 में पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा: द राइज' ने अभिनेत्री के करियर को ग्लोबल लेवल पर पहचान दिलाई और वे नेशनल क्रश बनकर उभरीं, जिसके बाद अमिताभ बच्चन के साथ बॉलीवुड में 'गुडबाय' से डेब्यू किया। उन्होंने रणबीर कपूर के साथ एनिमल, सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ मिशन मजनूं और विक्की कौशल के साथ छांवा में बेहतरीन रोल प्ले किया।

## कविता कौशिक ने बताया कप्तान के लिए क्यों नहीं करनी पड़ी ज्यादा मेहनत

एक्शन-क्राइम ड्रामा वेब सीरीज 'कप्तान' ओटीटी पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीरीज ज्वालाबाद शहर में एसएसपी समरदीप सिंह की कहानी पर आधारित है। इसमें साकिब सलीम के अलावा सिद्धार्थ निगम, कविता कौशिक और अंजुम शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आ रहे हैं। सीरीज में कविता कौशिक ने डीएसपी प्रीत का रोल निभाया है, जो एक सख्त महिला पुलिस अधिकारी होती है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें पुलिस के किरदार में ढलने में ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा था। अभिनेत्री ने हाल ही में आईएएनएस के साथ बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने किरदार के ढलने की प्रक्रिया पर जोर देते हुए कहा, मुझे अपने किरदार के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी थी क्योंकि मेरा बैकग्राउंड ही पुलिस से जुड़ा हुआ है। मेरे पिता एक पुलिस अधिकारी थे। बचपन से हम उसी माहौल में बड़े हुए हैं। इसलिए यह भूमिका मेरे लिए स्वाभाविक लगी। चाहे चंद्रमुखी चौटाला का किरदार हो या फिर डीएसपी प्रीत, पुलिस वाली बात मेरी परफॉर्मेंस में अपने आप दिख जाती है।कविता ने आगे बातचीत में पूरी टीम की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, हमारे पास बहुत अच्छा डायरेक्टर, शानदार प्रोड्यूसर्स और एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है। हमारी कास्ट भी कमाल की है। सब कुछ मुझे सही लगा था, यही कारण है कि सीरीज के लिए हां कहना बहुत आसान हो गया था।

अभिनेत्री ने मुश्किल शूट के बारे में बात करते हुए कहा, सच कहूं, तो मुझे सीन शूट करने में दिक्कत नहीं हुई। अगर मैं मुश्किल कहूंगी तो यह अन्य कलाकारों के साथ नाइंसाफी होगी। वे बहुत कठिन हालात में भी फिट रहते हुए जबरदस्त एक्शन सीन कर रहे थे। उनका अनुशासन और समर्पण देखकर मैं प्रेरित हुई। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। मेरी भूमिका उनकी तुलना में काफी आरामदायक थी।

अक्सर पुलिस ड्रामा में महिला अधिकारियों को कम महत्व दिया जाता है। इस पर कविता ने बेबाकी से कहा, मैंने अपने करियर में कभी खुद को नजरअंदाज महसूस नहीं किया। मुझे जो मौका मिलता है, उसका पूरा फायदा उठाती हूं। मैं ज्यादा स्क्रीन टाइम के लिए नहीं लड़ती। मेरा फोकस अपने काम के असर पर रहता है।



## राजकुमार राव के प्रोडक्शन की पहली फिल्म टोस्टर का ट्रेलर आउट

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की आगामी फिल्म 'टोस्टर' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म एक ऐसे आदमी के बचत करने के पक्के इरादे की कहानी है, जो चाहे कुछ भी हो जाए, बचत करना नहीं छोड़ता है। ट्रेलर में राजकुमार राव रमाकांत नामक प्यारे और सीधे-सादे कंजूस के रोल में दिख रहे हैं। रमाकांत को लगता है कि हर बचाया हुआ रुपया उसकी बड़ी जीत है। वह रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजों से भी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की कोशिश करता है और जिस चीज पर एक बार पैसे खर्च कर देता है, उसे आसानी से जाने नहीं देता। रमाकांत बचत करने के मामले में एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंच जाता है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब रमाकांत और उसकी पत्नी एक शादी में किसी को टोस्टर गिफ्ट करते हैं। बाद में उसे पता चलता है कि उस कपल का तलाक हो गया और टोस्टर दान कर दिया गया। यह सुनकर वह परेशान हो जाता है और टोस्टर वापस लाने के लिए निकल पड़ता है। टोस्टर वापस लाने की इस कोशिश में वह खुद और अपने आसपास के लोगों को अजीब और मुश्किल हालात में फंसा देता है। वह जितनी बार चीज़ों को ठीक करने की कोशिश करता है, उतनी ही ज्यादा परेशानी बढ़ती जाती है। फिल्म को लेकर अभिनेता राजकुमार राव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, फिल्म 'टोस्टर' मेरे लिए




एक खास फिल्म है क्योंकि यह हमारे प्रोडक्शन हाउस, 'कम्पा फिल्म' के तहत हमारी पहली फिल्म है और इसे पत्रलेखा ने प्रोड्यूस किया है। मैं फिल्म की कहानी को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए सच में बहुत उत्साहित हूं। इस फिल्म की जिस बात ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया है वह थी कि कैसे छोटी सी चीज किसी इंसान के दिमाग पर पूरी तरह से हावी हो सकती है।उन्होंने अपने किरदार को लेकर कहा, रमाकांत ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि जो वह कर रहा है, वह बिल्कुल सही है। वह अपने कामों को अतिवादी नहीं बल्कि व्यावहारिक मानता है। लेकिन यही बात इस पूरी यात्रा को अनोखा और अप्रत्याशित बना देती है।

# मशहूर अभिनेता सचिन खेडेकर के साथ वरिष्ठ पत्रकार सूर्य प्रकाश तिवारी से खास बातचित

चर्चित फिल्म नेताजी सुभाष चंद्र बोस द फॉरगॉटन हीरो हो या सलमान खान की सुपरहिट फिल्म तेरे नाम हो या दाग द फायर , कृष 3, और शहजादा जैसी कई मशहूर फिल्मों में सचिन खेडेकर ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। इसी तरह तेलुगु फिल्मों में भी उन्होंने अपनी विशेष पहचान बनाई है। हाल ही में प्रदर्शित मेगास्टार चिरंजीवी की ब्लॉकबस्टर फिल्म मन शंकर वरप्रसाद में भी उनकी भूमिका की काफी चर्चा है। पिछले 40 सालों से अभिनय क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने वाले बहुभाषी फिल्मों के परिपक्व अभिनेता सचिन खेडेकर तकरीबन 21 साल बाद रंगमंच में लौटे हैं। निर्देशक चंद्रकांत कुलकर्णी और क्षितिज पटवर्धन द्वारा लिखित भूमिका नामक मराठी नाटक के जरिए रंगमंच पर वापसी करने वाले सचिन खेडेकर की यह भावनात्मक प्रस्तुति जब हैदराबाद में हुई तो उन्होंने अपने अनुभव सांझा किए। वरिष्ठ पत्रकार सूर्य प्रकाश तिवारी को दिए एक विशेष



साक्षात्कार में सचिन खेडेकर से जब ये पूछा गया कि 21 साल बाद रंगमंच में वापसी करने पर कैसा लग रहा है तो उन्होंने कहा कि हैदराबाद में नए दर्शकों के समक्ष इस प्रस्तुति को लेकर वे काफी उत्साहित है और खुशी भी है।

मराठी नाटक भूमिका को लेकर जब सचिन खेडेकर से पूछा गया तो उनका ये कहना है कि एक अभिनेता को जब उसका ड्रीम रोल मिलता हैं तो उस पर और उसके परिवार पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ता है, इन सारी बातों को इस नाटक के जरिए प्रस्तुत किया गया। उन्हें जब उनके ड्रीम रोल के बारे मे सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि 40 साल के अभिनय जीवन में काफी काम किया है और अभी भी कर रहे हैं, ऐसे में उनके ड्रीम रोल बहुत से है और अभी तक बहुत से किए भी हैं। हिंदी,तेलुगु और मराठी फ़िल्मों को अंतर को लेकर सचिन खेडेकर का कहना है कि भाषा का और पसंद का अंतर है और हर भाषा की अपनी अपनी खूबियां और गरिमा हैं और हर भाषा के दर्शक भी अलग है। हिंदी में हर भाषा के लोग आते है लेकिन वही तेलुगु और मराठी में अलग अलग तबके का दर्शक होता हैं और उन्हें अपनी भाषा का बड़ा अभिमान होता है। क्योंकि भाषा साहित्य के मूल्यों को काफी महत्व देते हैं।

फिल्म इंडस्ट्री में और किस तरह की फ़िल्में बननी चाहिए? इस सवाल पर उनका ये कहना है कि जो फिल्में अभी बन रही हैं वो बहुत अच्छी है। नए फिल्म मेकर और युवा प्रतिभाएं जो नई कहानियां और नई तकनीक लेकर आते है तो ये नया दौर बड़ा अच्छा है। रंगमंच और फिल्मों के अंतर पर सचिन खेडेकर ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में वे थियेटर को एक तैयारी एक रियाज़ की तरह देखते है जिस तरह एक गायक करता है। मेरे लिए ये एक पैशन भी है क्योंकि जब आप परफार्म करते हैं और तालियां बजती हैं या लोग हंसते हैं ये तुरन्त मिलने वाला लाइव रिएक्शन होता हैं,वही फ़िल्में रिलीज होने के बाद ये सारी प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। तेलुगु इंडस्ट्री से जुड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 25 फ़िल्में की है और यहां काम करने में अलग ही मज़ा आता है। क्योंकि यहां के निर्देशक व लेखक नए सिरे से उनके लिए रोल्स लिख रहे हैं। टॉलीवुड में पॉवरफुल फ़िल्में बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसी बात नहीं है, हर भाषा में अच्छी अच्छी फिल्में बनती हैं। हिंदी तेलुगु मलयालम और तमिल में भी अच्छी फिल्में बनती है और चाहता हूं कि हर भाषा और फिल्मों का हिस्सा रहूं।

रंगमंच को ज्यादा दर्शक नहीं मिलने के सवाल पर सचिन खेडेकर ने कहा कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, उनका जो नाटक है भूमिका, उसके एक साल में 100 शो कर चुके है और 500 से ज्यादा लोग हर शो में आते है और थियेटर एक लाइव आर्ट है, इसकी ऑडियंस और भी बढ़नी चाहिए। जब ये पूछा गया कि रंगमंच को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए तो उन्होंने कहा कि नए नाटक निर्मित हो और नया दर्शक वर्ग तैयार हो,यही कोशिश होनी चाहिए। नए कलाकारों के संदर्भ मे पूछे गए सवाल पर कहा कि हर विश्वविद्यालय में या शिक्षण संस्थाओं में कला और संस्कृति से जुड़े कोर्स है तो नए कलाकारों और प्रतिभाओं को उसका अभ्यास करना चाहिए और अच्छा प्रशिक्षण लेकर खुद को तैयार करने के बाद ही इस क्षेत्र में कदम रखना बेहतर होगा।

## आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाज़े खोलेंगी। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। आप महसूस करेंगे कि प्यार में बहुत गहराई है और आपका प्रिय आपको सदा बहुत प्यार करेगा। अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें। कोई आध्यात्मिक गुरू या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है। आपका जीवनसाथी किसी ख़ूबसूरत सरप्राइज़ से आपका दिन बना सकता है।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

मानसिक शान्ति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। जीवन के बुरे दौर में पैसा आपके काम आएगा इसलिए आज से ही अपने पैसे की बचत करने के बारे में विचार करें नहीं तो आपको दिक़्क़तें हो सकती हैं। ऐसी जानकारी ज़ाहिर न करें, जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। विवाह-प्रस्ताव के लिए सही समय है, क्योंकि आपका प्यार जीवन भर के साथ में बदल सकता है। आज का दिन बढ़िया प्रदर्शन और ख़ास कामों के लिए है। अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो यह दिन आपकी आशाओं को पूरा कर सकता है।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह

सेहत अच्छी रहेगी। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। कोई नया रिश्ता न सिर्फ़ लंबे वक़्त तक क़ायम रहेगा, बल्कि फ़ायदेमंद भी साबित होगा। बिना गहराई से समझे-बूझे किसी व्यावसायिक/क़ानूनी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर न करें। दूसरों को यह बताने के लिए ज़्यादा उतावले न हों कि आज आप कैसा महसूस कर रहे हैं। जीवनसाथी के किसी अचानक काम की वजह से आपकी योजनाएँ बिगड़ सकती हैं।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। आपकी भरपूर ऊर्जा और ज़बरदस्त उत्साह सकारात्मक परिणाम लाएंगे व घरेलू तनाव दूर करने में मददगार रहेंगे कोई भी फ़ैसला लेने से पहले दूसरों की ज़रूरतों को समझने की कोशिश करें। आपके घर का कोई करीबी शख्स आज आपके साथ वक्त बिताने की बात कहेगा लेकिन आपके पास उनके लिए वक्त नहीं होगा जिसकी वजह से उनको तो बुरा लगेगा ही आपको भी बुरा लगेगा। मुमकिन है कि वैवाहिक जीवन में ठहराव से तंग आकर आपका जीवनसाथी आपके ऊपर फूट पड़े।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

ख़र्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। अपने बच्चों के लिए कुछ ख़ास योजना बनाएँ। सुनिश्चित करें कि आपकी योजनाएँ यथार्थवादी हैं और उन्हें अमली जामा पहनाना मुमकिन है। आने वाले पीढ़ी इस तोहफ़े के लिए आपको हमेशा याद रखेगी। अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे। आपकी बीती ज़िन्दगी का कोई राज़ आपके जीवनसाथी को उदास कर सकता है।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

सेहत अच्छी रहेगी। घर की छोटी-छोटी चीजों पर आज आपका बहुत धन खराब हो सकता है जिसकी वजह से आप मानसिक तनाव में आ सकते हैं। ग़ैर-ज़रूरी चीज़ों पर रुपये ख़र्च कर आप अपने जीवन-साथी को नाराज़ कर सकते हैं। नए प्रेम-संबंधों के बनने की संभावना ठोस है, लेकिन व्यक्तिगत और गोपनीय जानकारियों को उजागर करने से बचें। साझीदार से संवाद क़ायम करना बहुत कठिन सिद्ध होगा। आज मौसम का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा कि आप बिस्तर से उठने को राजी नहीं होंगे।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आप आज ऊर्जा से भरपूर होंगे और कुछ असाधारण करेंगे। इस राशि के कुछ लोगों को आज संतान पक्ष से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। आज आपको अपनी संतान पर गर्व महसूस होगा। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। नाते-रिश्तेदार तरक़्क़ी और समृद्धि के लिए नयी योजनाएँ लाएंगे। आपको ऐसी जगहों से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहाँ से आपने इसकी कभी कल्पना भी न की हो। रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी न होने से आपके वैवाहिक जीवन में तनाव संभव है।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज के दिन आपके चेहरे पर मुस्कान बिखरी रहेगी और अजनबी भी जाने-पहचाने से महसूस होंगे। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मौज-मस्ती करें। कामकाज के सिलसिले में आपके ऊपर ज़िम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। वक्त से बढ़कर कुछ नहीं होता। इसलिए आप वक्त का सदुपयोग करते हैं लेकिन कई बार आपको जीवन को लचीला बनाने की जरुरत भी होती हैं आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन एक विशिष्ट दौर से गुज़रेगा।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

दिन फ़ायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफ़ी आराम महसूस करेंगे। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है। अगर आप अपनी योजनाओं को सबके सामने खोलने में बिल्कुल नहीं हिचकते, तो आप अपनी परियोजना को ख़राब कर सकते हैं। जो लोग अब तक किसी काम में व्यस्त थे आज उन्हें अपने लिए समय मिल सकता है लेकिन घर में किसी काम के आ जाने से आप फिर से व्यस्त हो सकते हैं।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आज के दिन आराम करना बहुत अहम है। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। अपने जीवन-साथी के साथ अपनी गोपनीय जानकारी बांटने से पहले सोच लें। अगर मुमकिन हो तो इससे बचें, क्योंकि इन बातों के बाहर फैलने का ख़तरा है। व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फ़ायदा हो सकता है। खेलकूद जीवन का जरुरी हिस्सा है लेकिन खेलकूद में इतने भी व्यस्त न हो जाएं कि आपकी पढ़ाई में कमी आ जाए। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ़ करेगा और आप पर बहुत स्नेह उढ़ेलेगा।

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। आपका कोई पड़ोसी आज आपसे धन उधार मांगने आ सकता है। नवयुवकों को स्कूल प्रोजेक्ट की बाबत कुछ राय लेने की ज़रूरत हो सकती है। कोई अच्छी ख़बर या जीवनसाथी/प्रिय से मिला कोई संदेश आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज के दिन आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। अगर आज आप ख़रीदारी के लिए निकलते हैं, तो कोई अच्छी पोशाक ले सकते हैं।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

सेहत को देखभाल की ख़ास ज़रूरत है। वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी क़दम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह ज़रूर ले लें। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें। इस बारे में बिना देर किए बातचीत करें, क्योंकि एक बार इस समस्या के हल हो जाने पर घर में जीवन बहुत आसान हो जाएगा और परिवार के लोगों को प्रभावित करने में आपको कोई कठिनाई नहीं आएगी। विवाहेतर प्रेम संबंध आपकी प्रतिष्ठा धूमिल कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ आपके पक्ष में लगती हैं। जीवन की आपाधापी के बीच आज आप अपने बच्चों के लिए वक्त निकालेंगे।

## आज का पंचांग

दिनांक : 05 अप्रैल 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2083
मास : वैशाख ,कृष्ण पक्ष
तिथि : तृतीया दोपहर 12:02 तक
नक्षत्र : विशाखा रात्रि 12:08 तक
योग : वज्र दोपहर 02:42 तक
करण : विष्टि दोपहर 12:02 तक
चन्द्रराशि : तुला सायं 05:28 तक
सूर्योदय : 06:07, सूर्यास्त 06:30 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:13, सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्त 06:24 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:59, सूर्यास्त 06:21 ( विजयवाडा )

### शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : संकष्ट चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय रात्रि 09:20 , भद्रा प्रातः 11:58 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# रेलवे परिसंपत्ति, प्रमुख सड़कों और चारागाह भूमि में वृक्षारोपण करें : भजनलाल

**जयपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को 'हरियालो राजस्थान' बनाना राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। इसी दिशा में मिशन हरियालो राजस्थान के तहत आगामी मानसून सीजन में 10 करोड़ पौधारोपण किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वन एवं पर्यावरण विभाग के पौधारोपण लक्ष्य, चंदन वन, नमो वन एवं नमो नर्सरी स्थापना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति में वन एवं पर्यावरण विभाग सहित अन्य विभागों की सहभागिता एवं सक्रियता बेहद जरूरी है। इसी क्रम में मुख्य सचिव पौधारोपण कार्य की मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से पौधारोपण के कार्य को प्रारंभ कर मानसून सीजन जुलाई, अगस्त व सितम्बर माह में गति प्रदान की जाएगी। इसी क्रम में सभी विभाग पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्थानों का चयन, फेन्सिंग, खड्डे सहित महत्वपूर्ण कार्य तय समय से पहले पूरे कर लें। वहीं, विशेष रूप से वन विभाग इस कार्य में सभी विभागों से समन्वय बनाए रखे।

शर्मा ने कहा कि पौधारोपण के लिए स्थान चयन में राजस्व विभाग का भी सहयोग लिया जाए। वहीं, भारतीय रेलवे के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी परिसंपत्तियों में पौधारोपण की कार्ययोजना भी बनाई जाए। इसी प्रकार, प्रत्येक जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रमुख सड़कों के किनारे एवं चारागाह में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना पर काम करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी की उत्पादकता का ध्यान रखकर पौधारोपण किया जाए। उन्होंने मिशन हरियालो



राजस्थान में वन विभाग को बड़ी संख्या में गूलर के वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार सीएसआर के जरिए वनरक्षक कार्यालयों को पौधों में पानी देने के लिए टैंकर जैसे संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही, इस कार्य में वृक्षमित्रों का भी पूरा सहयोग लिया जाए।

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत किसानों को निःशुल्क फलदार पौधे उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री उदयपुर, सिरोही एवं बांसवाड़ा में चंदन वन की स्थापना के लिए चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर तारबंदी, ड्रिप सिंचाई जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने वन विभाग को पहाड़ी एवं वन क्षेत्रों में ड्रोन सीडिंग सहित अभयारण्य क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण के कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक नमो नर्सरी स्थापना के कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। इसी प्रकार प्रत्येक पंचायत समिति पर चरणबद्ध रूप से नमो वन विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर काम को गति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर वर्ष 2024 से 2028 तक पांच वर्षों में मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में वर्ष 2024 में 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' के अंतर्गत 7 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य के विरूद्ध 7.22 करोड़ पौधारोपण एवं वर्ष 2025 में 10 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य के विरूद्ध 11.74 करोड़ से अधिक पौधारोपण किया गया। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण आनंद कुमार सहित वन एवं पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक से जुड़े।

# लालसोट में ओलावृष्टि का कहर

## फसल चौपट, पेड़ गिरने से रास्ते बंद, बड़ा हादसा टला

**लालसोट, 4 अप्रैल (एजेंसियां)।**

लालसोट विधान सभा क्षेत्र में शनिवार शाम मौसम के अचानक बदले मिजाज ने व्यापक तबाही मचा दी। तेज आंधी-तूफान, मूसलाधार बारिश और बेर के आकार के ओलों ने जहां खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया, वहीं गांवों में पेड़ गिरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उपखंड के डीडवाना, सलेमपुरा, राहुवास, कल्लावास, टोरडा सहित विभिन्न गांवों में ओलावृष्टि होने से सब्जी की फसल में 100% खराबा हो गया है, वहीं दूसरी तरफ गेहूं की खड़ी फसल में लगभग 25% नुकसान का अनुमान है। किसान नेता साँवल राम मीणा, सुरेश पीथावत, राकेश समोतया एवं उप सरपंच धर्मेंद्र शर्मा उर्फ बिल्लू शर्मा सहित अनेक लोगों ने बताया कि शनिवार की शाम को अचानक मौसम में बदलाव के बाद तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हुई। इसके बाद बड़े और छोटे बेर के आकार के ओले गिरने लगे, जिससे सब्जी बाड़ी की फसल को भारी नुकसान हुआ तथा खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भी प्रभावित हुई है। डीडवाना में आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

इसी दौरान कल्लावास गांव में भी हालात बिगड़ गए। बारिश और ओलावृष्टि के चलते एक नीम के पेड़ का बड़ा डाल गिरने से कल्याणपुरा गांव का रास्ता बंद हो गया। वहीं ग्राम पंचायत कल्लावास की सहकारी समिति के पास बबूल का पेड़ गिरने से मुख्य बाजार का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया।




**सिरोही, राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार एवं महातीर्थ श्री पावापुरी ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी महावीरजी चौधरी जैन के सुपुत्र कुणाल चौधरी को प्रतिष्ठित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से मास्टर डिग्री पूर्ण करने पर 3 अप्रैल 2026 को विशिष्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सिरोही प्रवासी जैन संघ, सिकंदराबाद-हैदराबाद व जैन रत्न रमेश पी. तातेड की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई हैं।**

# पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में पीछा कर हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

**झालावाड़, 4 अप्रैल (एजेंसियां)।**

जिले के मनोहरथाना कस्बे में दिनदहाड़े हुई डकैती की वारदात का पुलिस ने महज 5 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में हिस्ट्रीशीटर दीवान सिंह गुर्जर और उसके साथी रामचरण गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटे गए 50 हजार रुपये भी बरामद कर लिए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिलेभर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा व वृताधिकारी अशोक कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी कमल कुमार प्रोबेशनर आरपीएस के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3:15 बजे की है। व्यापारी बनवारी लाल अग्रवाल अपनी दुकान पर कर्मचारियों के साथ काम कर रहे थे। तभी दीवान सिंह गुर्जर अपने साथियों के साथ दुकान में घुसा और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे के सरियों से हमला कर दिया।

# ट्रस्ट की जमीन पर अवैध दुकानों और गोदामों का सफाया

## 10 दिन के नोटिस के बाद निगम का कड़ा प्रहार

**भरतपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)।**

शहर के व्यस्ततम रेड क्रॉस सर्किल के पास नगर निगम ने शनिवार को भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक साहसिक और निर्णायक कार्रवाई को अंजाम दिया। ट्रस्ट के लिए आवंटित बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से तानी गईं 4 दुकानों और एक विशाल गोदाम को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया। यह कार्रवाई न केवल शहर के नियोजित विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि नियमों को ताक पर रखकर व्यावसायिक लाभ कमाने वालों के लिए एक कड़ी चेतावनी भी है। नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई के अनुसार, यह विवादित जमीन एक ट्रस्ट को धर्मशाला और सत्संग भवन जैसे धार्मिक व सामाजिक कार्यों के लिए आवंटित की गई थी। व्यवहारात्मक त्रुटि और लालच के चलते इस पवित्र उद्देश्य वाली जमीन पर अवैध रूप से दुकानें और गोदाम बना लिए गए थे। ट्रस्ट की मूल शर्तों का उल्लंघन कर यहाँ धड़ल्ले से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जिसकी शिकायतें लंबे समय से निगम को मिल रही थीं। इस अतिक्रमण के हटने का सबसे बड़ा सकारात्मक और विकासात्मक लाभ स्थानीय निवासियों को मिलेगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि इन अवैध निर्माणों के कारण क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम (निकासी) और सड़क निर्माण का कार्य लंबे समय से अटका हुआ था। अब जमीन खाली होने के साथ ही बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाएगा, जिससे मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी।

कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने सोमवार तक का समय मांगकर भावनात्मक दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने उनके इस अनुरोध को खारिज कर दिया। आयुक्त ने बताया कि पूर्व में भी इन लोगों ने कानूनी दांव-पेच (स्टे) के जरिए कार्रवाई को रुकवाया था। देरी होने पर दोबारा स्टे मिलने की आशंका को देखते हुए, निगम की टीम ने भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में तत्काल बुलडोजर चला दिया। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए ध्वस्तीकरण से पहले दुकानों को सुरक्षित रूप से खाली करवाया गया। नगर निगम की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि सार्वजनिक और ट्रस्ट की जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रबी की फसलों की खरीद के लिए 24 घंटे खुली रहेंगी मंडिया : बड़ौली

**चंडीगढ़, 4 अप्रैल (एजेंसियां)।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहाकि नायब सैनी सरकार में किसान हित सर्वोपरि है। रबी फसलों को खरीदने के लिए नायब सैनी सरकार का मंडियों को 24 घंटे खुले रखने का निर्णय किसानों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसान हमेशा से हमारे देश का आधार रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा





ही किसानों का सम्मान करने वाली पार्टी है। भावांतर भरपाई योजना के तहत नायब सैनी सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई कर रही है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। हरियाणा की नायब सरकार ही देश में पहली ऐसी सरकार है जो 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहाकि रबी की फसलों को खरीदने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान में बड़ा फैसला लिया है। किसान रात को भी अपनी फसल मंडी में लेकर आ सकते हैं और रात को ही गेट पास भी किसानों को मिलेंगे। अब मंडियों में भीड़ कम होगी और किसानों को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लक्ष्य हर वर्ग के लोगों को सशक्त करना है।दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना से नारी सशक्तिकरण को नई उड़ान मिल रही है।

## फरीदाबाद के विकास को नई रफ्तार

# मुख्यमंत्री ने पेयजल, पार्किंग, अस्पताल और आरआरटीएस को लेकर किए बड़े ऐलान

**चंडीगढ़ , 4 अप्रैल (एजेंसियां)।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को फरीदाबाद में आयोजित धन्यवाद एवं विकसित फरीदाबाद रैली के दौरान कई महत्वपूर्ण विकास घोषणाएं करते हुए कहाकि वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए शहर के प्रमुख जंक्शनों का चरणबद्ध सुधार किया जाएगा, ताकि ट्रैफिक सुचारु हो और प्रदूषण में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि भूजल आधारित जलापूर्ति के कारण गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों को देखते हुए अपर गंगा नहर से ताजा पेयजल उपलब्ध कराने की संभावना तलाशी जाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित कर फरीदाबाद तक गंगा नहर का पानी पहुंचाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि फरीदाबाद शहर के 50 कम्युनिटी सेंटरों और पार्कों में प्रथम चरण में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त सरकारी भवनों में भी संबंधित विभागों द्वारा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ जलभराव की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में दिव्य नगर योजना के तहत लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से एक नेचर पार्क विकसित किया जाएगा।

## हरियाणा में कुदरत का महा-संग्राम

# 6 जिलों में ओलों की सर्जिकल स्ट्राइक, 60 की रफ्तार से चलीं हवाएं, पारा 3.6 डिग्री धड़ाम

**हिसार/चंडीगढ़, 4 अप्रैल (एजेंसियां)।**

हरियाणा के आसमान पर छाई 'काली घटाओं' ने राज्य में एक बार फिर खौफनाक मंजर पैदा कर दिया है। कुदरत के बदले मिजाज ने पूरे प्रदेश को 'हाई अलर्ट' पर डाल दिया है। 4 अप्रैल की सुबह से ही बादलों की गर्जना और बिजली की कड़क ने किसी डिजास्टर फिल्म जैसा माहौल बना दिया है। ऑरेंज अलर्ट : इन 6 जिलों में 'आसमानी आफत' का साया,मौसम विभाग ने प्रदेश के दक्षिण और पूर्वी हिस्सों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' का सायरन बजा दिया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, नूंह (मेवात), महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की 'तूफानी' रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इन जिलों में आसमानी बिजली गिरने और बड़े स्तर पर ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है।



बीते 24 घंटों का सीन किसी थ्रिलर से कम नहीं था। नूंह में दोपहर बाद अचानक मौसम ऐसा बदला कि सड़कों पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई। सिरसा में आसमानी बिजली गिरने से एक मकान 'क्रैश' हो गया और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। भिवानी, हिसार और पानीपत में भी मूसलाधार बारिश ने 'एक्शन' दिखाया है। लगातार हो रही बारिश और ओलों ने गर्मी के तेवर ढीले कर दिए हैं। प्रदेश के औसत तापमान में 3.6 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट दर्ज की गई है। नूंह जहाँ 34.8 डिग्री के साथ सबसे 'हॉट' था, वहीं अब चंडीगढ़, रोहतक और करनाल में पारा 30 से 33 डिग्री के बीच सिमट गया है। आने वाले 2-3 दिनों में ठंडक और बढ़ने के आसार हैं। कुदरत के इस 'विलेन' अवतार से फसलों को बचाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

अगले 3-4 दिनों तक गेहूं और सरसों की कटाई-मड़ाई पूरी तरह बंद रखने को कहा गया है। पशुओं को खुले आसमान के नीचे न छोड़ें, उन्हें सुरक्षित शेड में रखें।

सिंचाई: फिलहाल फसलों में पानी न लगाएं, वरना तेज हवाएं फसल को बिछा सकती हैं। हरियाणा के 9 शहरों में बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी है। घर से निकलने से पहले आसमान का मिजाज जरूर भांप लें, क्योंकि मौसम की यह 'फिल्मी' करवट कभी भी भारी पड़ सकती है!

## क्या आप जानते हैं?

- कागज का आविष्कार चीन के ली यैंग में रहने वाले साई लुन ने 105 ई. में पुराने काटे गए मछली पकड़ने वाले जालों से किया।
- मिस्त्र की नील नदी के किनारे बहुतायत में उगने वाले 'पपायरस' नामक पौधे के नाम पर 'पेपर' शब्द बना।
- 1690 में जर्मनी स्थित पेनसिल्वेनिया शहर में विलियम रिटेनहाऊस ने पहली पेपर मिल का निर्माण किया।
- पेड़ों की लकड़ी के गुद्दे से निकलने वाले सैलुलोस फाइबर से कागज बनाया जाता है।
- 793 ईस्वी में अन्य देशों को कागजा के बारे में पता चला।



## मैथ्स की जानकार

आमतौर पर मधुमक्खियों को मेहनती होने के कारण जाना जाता है, लेकिन ये गणित में भी होशियार होती हैं। वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पता लगाया है कि मधुमक्खियां एक ही नजर में नंबरों को पहचान सकती हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन में पता चला है कि मधुमक्खियां दो या तीन बिंदुओं के नमूने को आसानी से पहचान लेती हैं। साथ ही अगर उन्हें थोड़ी स्कूली शिक्षा भी दी जाए, तो तीन और चार की भी पहचान कर सकती हैं। अब वैज्ञानिक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या मधुमक्खियां आधारभूत गणना कर सकती हैं। मधुमक्खियों के विभिन्न अंकों को पहचानने की क्षमता उन्हें परागों को ढूंढने में मददगार साबित हो सकती है, चाहे वे अपने छत्ते से कितनी ही दूर क्यों न हों। कबूतर, डॉल्फिन और बंदरों में भी नंबरों को पहचानने की क्षमता होती है।



# पैशन का पैराशूट





प्यारे बच्चो, आसमान में उड़ने की चाह सबके मन में होती है। आइए आज आपको पैराशूट और इससे जुड़े तथ्यों के बारे में बताएं...

**आसमान** में उड़ना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव है। सदियों से मनुष्य की इच्छा आसमान में उड़ने की रही है। इसीलिए वह उड़ने की कई असफल कोशिशों के बाद आखिर उड़ने में सफल हो गया। उसने जहाज, रॉकेट आदि कई तरह के उपकरणों को बनाया। मगर खुले रूप में आसमान में उड़ने की ख्वाहिश वैसी की वैसी ही रही। आज हम आपको मानव की जिस खोज के बारे में बता रहे हैं, वह ऐसी है, जो शायद इसी ख्वाहिश को पूरा करती है। जी हां यह खोज है- पैराशूट। इसके माध्यम से खुले रूप में आसमान में उड़ने का आनंद लिया जाता है। पैराशूट के साथ उड़ने का अनुभव जहाज में उड़ने के अनुभव से बिल्कुल अलग तरह का है।

आज इसके बिना वायुसेना का कोई भी पायलट जहाज में नहीं बैठता, पर आपको बता दें कि यात्री विमानों में पायलटों के लिए के लिए पैराशूट का उपयोग करना मना है।

मगर पैराशूट की खोज इतनी आसानी से नहीं हुई। इसके लिए लोगों को बहुत मेहनत करनी पड़ी। यहां तक कि कुछ लोगों को तो अपनी जान तक से हाथ धोना पड़ा। तब कहीं जाकर पैराशूट का वर्तमान स्वरूप हमारे सामने आया। मगर इस खोज पर काम करने वाले लोगों में इतना पैशन था कि वह अपने काम से पीछे नहीं हटे।

कहते हैं सबसे पहला पैराशूट इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक ल्युनार्दो दसी ने आज से लगभग 500 साल पहले बनाया था, बहुत से लोगों ने इस में सुधार किए और कई नए डिजाइन के पैराशूट बनाए। 1783 में एक फ्रांसीस डॉक्टर स्वास्तिन लनारमां ने लकडी के ढांचे पर कपडा डालकर पैराशूट बनाया और इसके द्वारा एक ऊंची ईमारत से छलांग लगाई, जिसको देखकर लोग हैरान रह गए।

सन 1797 में एक अन्य फ्रांसीसी आंद्रे गार्निरन ने हवा में उड़ते हुए गुबारे पर से पैराशूट द्वारा छलांग लगाने का प्रदर्शन किया। यह कारनामा पैरिस के हजारों लोगो ने देखा। जब गार्निरन का गुब्बारा 3000 फुट की ऊंचाई पर पहुंचा, तो वह रस्सी काट दी गई, जिससे पैराशूट गुब्बारे के साथ बंधा हुआ था। रस्सी के कटते ही पैराशूट तेजी से धरती की ओर आया यह भयानक दृश्य देखकर बहुत से कमजोर लोग के स्त्री पुरुष बेहोश हो गए। लोगों का विचार था कि गार्निरन का पैराशूट नीचे गिर जाएगा और उसकी हड्डीपसली एक हो जाएगी, पर जैसे ही पैराशूट में हवा भरी गई, वह धीरे-धीरे धीमी गति से नीचे उतर आया। 24 जुलाई 1837 को रॉबर्ट काकिंग ने लन्दन के बॉक्स हाल गार्डन में पैराशूट की उड़ान का प्रदर्शन किया। उसने पैराशूट को एक गुबारे के नीचे बांधा और गुबारे को गैस द्वारा हवा में उड़ा दिया। वह स्वयं पैराशूट की टोकरी में खडा था। लोग खुशी से तालियां बजा रहे थे। पांच हजार फुट की ऊंचाई पर पहुंचकर उसने पैराशूट को गुबारे से अलग कर दिया। दुर्भाग्य से पैराशूट का लकड़ी का ढांचा हवा के दबाव से टूट गया और राबर्ट धरती पर गिरकर मर गया। पर मनुष्य हार कहां मनाता है, एक आविष्कार फेल हो जाए, तो दूसरे की खोज में लगा जाता है। वह अपनी हर असफलता से सफलता की सीढ़ी तलाश करता है। इस दुर्घटना के 15 महीने बाद ही एक अंग्रेज हेम्टन ने एक हल्का-फुल्का पैराशूट बनाया। वह इससे हवा में उड़ा और फिर एक उड़ते गुबारे से सफलता पूर्वक नीचे उतर आया।

लकड़ी के ढांचे पर कपड़ा डालकर बनाए जाते थे। फान टासल ने सूती कपड़े की एक छतरी बनाई। उसका यह पैराशूट बहुत लोकप्रिय हुआ। कुछ समय के बाद सूती कपड़े की बजाय रेशमी कपड़े का इस्तेमाल किया जाने लगा, जिससे यह अधिक मजबूत और अधिक हल्का हो गया। अमरीका का एक सैनिक कैप्टन एलबर्ट बेरी पहला व्यक्ति था, जिसने पैराशूट के द्वारा विमान से छलांग लगाई। उसका विमान 55 मील प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ रहा था। यह घटना 1912 की है। उन दिनों जहाज की नई-नई खोज हुई थी और उसकी गति भी बहुत धीमी हुआ करती थी।

पैराशूट के द्वारा अभी तक धरती पर उतरना एक खेल ही समझ जाता था। लोगों के दिमाग में अब तक यह विचार नहीं आया था कि इससे पायलटों को भी मुसीबत के वक्त बचाया जा सकता है। सन 1914 में पहला महायुद्ध शुरू हुआ, तो उसमें बमवर्षा के लिए जहाजों का भी इस्तेमाल किया गया। इसके 21 साल बाद जब दूसरा महायुद्ध हुआ, तो इसमें जहाज चालकों ने पैराशूट का उपयोग किया और इस प्रकार हजारों पायलट मौत के मुंह में जाने से बच गए। अब पैराशूट नायलोन के बनाए जाते हैं। यह बहुत हलके-फुल्के और मजबूत होते हैं। अब इनसे कई तरह के काम लिए जाते हैं। युद्ध आदि के दौरान पैराशूट द्वारा शत्रु के प्रदेश में सेना उतारी जाती है, इसको छाता सेना कहते हैं। इसके अलावा जरूरत के समय गोला-बारूद और खाने-पीने का सामान भी पैराशूट से सेना के मोर्चों में गिराया जाता है। तेज गति से चलने वाले जहाजों को हवाई अड्डे में रोकने के लिए भी पैराशूट का उपयोग किया जाता है। जब इस प्रकार का कोई जहाज धरती पर उतरता है, तो पीछे का पैराशूट खुल जाता है और उसमें हवा भर जाती है। जिससे विमान की गति काम हो जाती है। इस तरह उसको ब्रेक लगाकर आसानी से रोका जा सकता है। अंतरिक्ष यात्री जिस कैप्सूल में बैठकर धरती पर उतारते हैं, उसमें भी पैराशूट लगा होता है। यदि यह न हो, तो कैप्सूल धरती पर गिरकर टुकड़े-टुकड़े ही हो जाए।



## >> बाल कविता

### चूहा और बिल्ली

*इक चूहे नें बिल्ली पाली।*
*आधी पीली आधी काली।*

*पीती दूध और खाए मलाई*
*अच्छी लगती उसे मिठाई।*

*मैगी नूडल्स पिज्जा बर्गर।*
*बातें करती वो फर्र-फ़र्र।*

*करती वो दिन भर आराम।*
*नहीं आती वो किसी के काम।*

*चूहे नें कुछ दिन की सेवा।*
*दिया मलाई फल और मेवा।*

*खाकर बिल्ली हो गई मोटी।*
*हुई चूहे पर नियत खोटी।*

*पलक झपकते पकड़ के खाया*
*अपना ही तो दांव गंवाया।*

*अब न मिलती रोटी सूखी।*
*दिन भर रहती बिल्ली भूखी।*

*सूख के हो गई दुबली-पतली।*
*दिख गया अपना चेहरा असली।*

*अपनी करनी का फल पाया*
*बिल्ली नें सब-कुछ गंवाया।*



## >> जिज्ञासा

### किसने बनाई कुतुबमीनार

बच्चो, कुतुबमीनार के बारे में ज्यादातर लोगों में भ्रांतियां पाई जाती हैं। इसलिए इस इस प्रश्न का उत्तर ठीक से पढ़ना जरूरी है। कुतुबमीनार का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1193 में शुरू करवाया था। पर ऐबक केवल काम शुरू ही करवा सका था कि उसकी मृत्यु हो गई। इल्तुतमिश ने जो ऐबक के बाद दिल्ली की गद्दी पर बैठा, इसमें तीन मंजिलें जुड़वाईं।

फिर कुतुबमीनार में आग लगने के बाद उसका पुनर्निर्माण फिरोजशाह तुगलक के समय हुआ। इस प्रश्न का उत्तर देते समय प्रतियोगी परीक्षा में बैठने वाले जल्दबाजी में गड़बड़ कर जाते हैं। याद रहे कि काम शुरू ऐबक ने करवाया था और पूरा करवाया इल्तुतमिश ने और 1386 में मीनार को दुर्घटना के बाद दुरुस्त करवाया फिरोजशाह तुगलक ने। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि कुतुबुद्दीन ऐबक के नाम पर ही इस मीनार का नाम पड़ा, जबकि कुछ बताते हैं कि बगदाद के संत कुतुबद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर इस मीनार का नाम कुतुबमीनार पड़ा। काकी बाद में भारत में आकर ही रहे। इल्तुतमिश इन्हें बहुत मानता था। 72.5 मीटर ऊंची यह मीनार यूनैस्को की विश्व धरोहर स्मारकों की सूची में भी शामिल है।



# ये हमारा सौरमंडल



**बच्चो** सौरमंडल का जिक्र आते ही आप सूर्य और उसके गिर्द घूमते ग्रहों के बारे में सोचने लग गए होंगे। सभी ग्रह गुरुत्वाकर्षण के कारण सूर्य के गिर्द एक सीमित दूरी और रफ्तार से घूमते रहते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अब हमारे सौरमंडल में नौ ग्रहों की बजाए 8 ग्रह हैं। 2006 में नौवें ग्रह प्लूटो को सौरमंडल से बाहर करके एक बोने ग्रह का दर्जा दे दिया गया था। आइए जानें—

**सूर्य**- यह पृथ्वी से 109 गुणा बड़ा है। इसका पुंज संपूर्ण सौरमंडल के 99.98 प्रतिशत के समकक्ष है। इसमें लगातार आणविक विखंडन होता रहता है, जो हाइड्रोजन को हीलियम में बदलता है। इसकी पीली सतह को फोटोस्फीयर कहते हैं।

**मरक्यूरी ( बुद्ध ग्रह )**- यह हमारे सौरमंडल का सबसे पहला और सबसे छोटा ग्रह है, जो चांद जैसा दिखाई देता है। यह सूर्य की परिक्रमा 87.969 दिनों में पूरी करता है। इस ग्रह पर कोई वातावरण नहीं।

**वीनस- ( शुक्र ग्रह )**- दूसरा ग्रह वीनस पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह भी माना जाता है। यह सूर्य की परिक्रमा 224.7 दिनों में पूरी करता है। सबसे चमकदार होने के कारण इसे ध्रुव तारा भी कहा जाता है। प्यार और सौंदर्य की प्रतीक रोमन देवी वीनस पर इसका नाम पड़ा।

**पृथ्वी**-हमारी प्यारी पृथ्वी सौरमंडल के तीसरे ग्रह के रूप में जानी जाती है। केवल इस पर ही जीवन मुमकिन है। यह सूर्य की परिक्रमा लगभग 365 दिनों ( 1 साल ) में पूरी करती है। इसका 71 प्रतिशत भाग पानी से ढंका है, जिस कारण इसे नील ग्रह भी कहा जाता है। इसके वातावरण में 21 प्रतिशत आ सीजन, 78 प्रतिशत नाइट्रोजन है। जीव-जंतुओं और प्रकृति के आधार पर पृथ्वी सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है।

**मार्स- ( मंगल ग्रह )** - मंगल को लाल ग्रह भी कहा जाता है, योंकि आयरन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा के कारण इसका रंग लाल प्रतीत होता है। पृथ्वी की तरह ही इसके भी दोनों ध्रुवों पर बर्फ पाई जाती है। सूर्य का च कर यह लगभग 686.98 दिनों में पूरा करता है।

**जूपिटर- ( बृहस्पति )** सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह, जिसमें पृथ्वी जैसे 1 हजार से अधिक ग्रह समा सकते हैं। इसके 63 चांद हैं। यह ग्रह गैसों का विशाल भंडार है, जिसमें 75 प्रतिशत हाइड्रोजन है, जिसके कारण इसके धरातल पर विशाल तूफ़ान चलते रहते हैं।

**सैटर्न ( शनि ग्रह )** - सौरमंडल में छठे स्थान पर दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है। इसके कम से कम 62 चंद्रमा हैं। इस ग्रह के चारों ओर मौजूद गोल छल्ले उन बर्फ और पत्थर के टुकड़ों से बने हैं, जो शायद कॉमैट्स और एस्टेरॉइड्स के हिस्से रहे हों। सूर्य का चक्कर लगाने में इसे 29 वर्ष 168 दिन लग जाते हैं।

**यूरेनस**- सातवां ग्रह यूरेनस तीसरा सबसे बड़ा ग्रह है। शनि ग्रह की भांति ही इसके इर्द-गिर्द भी छल्ले हैं। यह सूर्य की परिक्रमा 84 सालों में पूरी करता है।

**नैप्च्यून**- यह सबसे दूरस्थ ग्रह है। सूर्य की परिक्रमा 164.79 सालों में पूरी करता है, लेकिन इसका वर्ष इतना बड़ा है कि इसकी पहली परिक्रमा जुलाई 2011 में पूरी होगी।

# ब्रुकलिन ब्रिज

**ब्रुकलिन** ब्रिज न्यूयार्क की ईस्ट रिवर के आरपार बना है। किसी समय इसे दुनिया का आठवां अजूबा माना जाता था। इस पुल की संकल्पना और इसे बनाने का विचार एक दूरदर्शी इंजीनियर जॉन रोबलिंग को आया था। तब पुलों के विशेषज्ञों ने कहा था कि ऐसा पुल बनाना संभव नहीं है, लेकिन रोबलिंग का प्रोजै ट इतना बढ़िया था कि लोग उसमें पैसा लगाने को तैयार हो गए। रोबलिंग अपना सपना साकार करने में जुट गए। लेकिन परियोजना को शुरू किए अभी थोड़ा ही समय बीता था कि उनकी एक दुर्घटना में मौत हो गई।

## बेटे का संकल्प

पिता की मौत के बाद वाशिंगटन ने अपने पिता के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया। वह भी इंजीनियर था। लेकिन किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था। यह परियोजना शुरू हुए अभी कुछ ही समय बीता था कि वाशिंगटन भी एक दुर्घटना का शिकार हो गए। ए सीडेंट में उन्हें कई चोटें आईं, जिनकी वजह से उन्हें कई महीनों तक बिस्तर पर ही रहना पड़ा।

## पत्नी का साथ

वाशिंगटन के ए सीडेंट के बाद उनकी मदद के लिए उनकी पत्नी आगे आई। वह केवल अपनी उंगलियां ही हिला सकते थे। वह अपनी पत्नी की बांह पर उंगलियों से अपनी बात को समझाते और इस तरह अपनी पत्नी के माध्यम से उन्होंने इंजीनियरों को संदेश भेजने शुरू कर दिए। उनकी मदद के लिए उनकी पत्नी ने भी इंजीनियरिंग की शिक्षा हासिल की। कुछ समय बाद जब वाशिंगटन बैठने के काबिल हुए, तो उन्होंने दूरबीन की मदद से पुल के काम पर नज़र रखनी शुरू कर दी।

## सपना हुआ साकार

486 मीटर लंबा यह पुल उस समय का सबसे लंबा झूला पुल था। इसे बनाने में 14 साल लगे थे और जॉन रोबलिंग सहित 19 लोगों ने जान गंवाई। इस पर लागत आई थी- 1.5 करोड़ डॉलर, जोकि उस समय एक बहुत बड़ी रकम थी। यह पुल उस विश्वास की जीत थी, जो बेटे ने पिता पर और पत्नी ने पति पर किया था। उन्होंने दिखा दिया था कि इंसान अगर ठान ले, तो वह कोई भी मुश्किल काम कर सकता है। 24 मई 1883 को पुल खुलने के समय उसकी पूरी लंबाई को बिजली की रोशनियों से सजाया गया था। इस तरह यह संसार का पहला बिजली से रोशन पुल बना।



## हम बताएं, आप बनाएं







# आईपीएल 2026 : सीएसके पर जीत के बाद पंजाब किंग्स को झटका, धीमी ओवर गति के कारण श्रेयस अय्यर पर जुर्माना

**चेन्नई, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 7 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बड़ी कार्रवाई की गई है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले के दौरान टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण उन पर जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ा है, यह पंजाब किंग्स का इस सीजन का दूसरा अपराध था। इसके चलते श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर भी कार्रवाई करते हुए या तो 6 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया है।

शुक्रवार को खेले गए इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 210 रनों के मुश्किल लक्ष्य को 18.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम ने 8 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की। यह इस सीजन में पंजाब की लगातार दूसरी जीत है, जिससे अंक तालिका में उसकी स्थिति मजबूत हुई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 50 रन बनाकर पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। वहीं इम्पैक्ट प्लेयर प्रियांश आर्य ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 11 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक शुरुआत ने मैच का रुख पंजाब की ओर मोड़ दिया। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209/5 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 43 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, प्रमुख गेंदबाज मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी टीम को भारी पड़ी और गेंदबाज लक्ष्य का बचाव करने में असफल रहे। पंजाब किंग्स की ओर से विजयकुमार वैशाख ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट हासिल किए। उनकी गेंदबाजी ने सीएसके के स्कोर को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई। जीत के बावजूद धीमी ओवर-रेट के कारण हुई कार्रवाई ने पंजाब किंग्स के जश्न को थोड़ा फीका जरूर कर दिया, लेकिन टीम का प्रदर्शन इस मुकाबले में शानदार रहा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आरसीबी के वीडियो में विराट कोहली का मजेदार जवाब, मैं विदेशी खिलाड़ी नहीं हूं



**बेंगलुरु।** रायल्स चेलेंजर बेंगलुरुने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत शानदार अंदाज में करते हुए सनराइज हैदराबाद के खिलाफ जीत दर्ज की है। अब टीम का अगला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स के साथ रविवार को होना है। इस अहम मैच से पहले आरसीबी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो साझा किया है, जिसमें दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली अपने अंदाज में सवालों का जवाब देते नजर आ रहे हैं। वीडियो में कोहली से मजाकिया अंदाज में पूछा गया कि क्या वह विदेशी खिलाड़ी हैं, क्योंकि सोशल मीडिया पर इस तरह के मीम्स वायरल होते रहते हैं। इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि मैं विदेशी खिलाड़ी हूं ये सवाल आप विदेशी खिलाड़ियों से पूछिए, मैं विदेशी नहीं हूं। दरअसल, आईपीएन के नियमों के अनुसार किसी भी टीम की प्लेइंग इलेवन में केवल चार विदेशी खिलाड़ियों को ही शामिल किया जा सकता है। कोहली का यह जवाब फैंस को खूब पसंद आ रहा है। आईपीएल 2025 का खिताब जीतने के अनुभव को लेकर कोहली ने कहा कि टीम लंबे समय से इस ट्राफी का इंतजार कर रही थी और जीत के बाद उन्हें काफी राहत महसूस हुई। उन्होंने यह भी बताया कि उनके लिए यह जीत कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। अपने लुक और स्टाइल को लेकर पूछे गए सवाल पर कोहली ने साफ कहा कि वह किसी को प्रभावित करने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पसंद के अनुसार हेयरस्टाइल और टैटू करवाते हैं। उनका मानना है कि जब आप खुद को लेकर अच्छा महसूस करते हैं, तो इसका असर आपके प्रदर्शन पर भी पड़ता है। टीम में नई प्रतिभाओं के आने से असुरक्षा के सवाल पर भी कोहली ने हल्के-फुल्के अंदाज में जवाब दिया और कहा कि उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने मजाक में कहा कि वह दूसरों के साथ भी काम करने को तैयार हैं।

### आईपीएल 2026 अर्जुन तेंदुलकर के लिए करो या मरो का मौका, बोले- खेल का मजा लेने पर है फोकस



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 युवा तेज गेंदबाज अर्जुन तेंडुलकर के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन अब तक आइपीएल में कोई खास पहचान नहीं बना पाए हैं, ऐसे में यह सीजन उनके करियर के लिए निर्णायक माना जा रहा है। वह इस बार लखनऊ सुपर जाइन्टस की ओर से खेलते हुए अपनी छाप छोड़ने के इरादे से उतरेंगे। घरेलू क्रिकेट में मुंबई से गोवा शिफ्ट होने के बाद अर्जुन ने अपनी गेंदबाजी में सुधार दिखाया है और कई मौकों पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, उन्होंने खुद स्वीकार किया है कि वह अब भी अपने कम्फर्ट जोन से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाए हैं। एक पाडकास्ट में बातचीत के दौरान अर्जुन ने कहा कि वह फिलहाल अपने खेल को एंजाय कर रहे हैं और उसी पर ध्यान दे रहे हैं। अर्जुन के करियर में दबाव की बात भी अक्सर उठती रही है, खासकर उनके पिता की विरासत के कारण। इस पर उन्होंने साफ कहा कि वह बाहरी अपेक्षाओं के बजाय अपने खेल पर फोकस करते हैं। उनके मुताबिक, वह क्रिकेट किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं, बल्कि अपने जुनून के चलते खेलते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता मेहनत करना और खेल का आनंद लेना है।

### तनाव से बचने क्रिकेट खिलाड़ी गोल्फ भी खेलें : युवराज



**नई दिल्ली।** पूर्व आलराउंडर युवराज सिंह ने क्रिकेटरों को सलाह दी है कि वे मानसिक थकान से राहत पाने के लिए गोल्फ खेलने का भी आनंद लें। युवराज के अनुसार क्रिकेटरों को तनाव से बचने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना चाहिए। युवराज ने कहा है कि उन्होंने संन्यास के बाद गोल्फ खेलना शुरु किया था। युवराज अब दूसरी इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उनका कहना है कि क्रिकेटरों को अपने करियर के दौरान ही गोल्फ भी खेलना भी जारी रखना चाहिये। साथ ही कहा कि मुझे भी पहले ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए था, इससे मुझे क्रिकेट में भी सहायता मिलती। गोल्फ खेलने का फायदा ये होता है कि शरीर को आराम मिलने के साथ ही तनाव भी कम होता है। युवराज ने कहा, इसी कारण अधिकतर विदेशी क्रिकेटर शुरुआत से ही गोल्फ खेलते आ रहे हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ के बारे में माना जाता है कि ये बड़े लोगों का खेल है जो सही नहीं है। वास्तविकता है कि यह एक ऐसा खेल है जो सभी के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हम गोल्फ को एक एलीट खेल के तौर पर देखते हैं पर हमें ये देखना चाहिये कि देश का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक ले जाने का प्रयास करेंगे।

# गुजरात टाइटंस को राजस्थान रॉयल्स ने हराया



**अहमदाबाद, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।** गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स का मैच आईपीएल 2026 का सबसे थ्रिलर मुकाबला हुआ। मैच की आखिरी गेंद पर राजस्थान को 6 रन से जीत मिली। पहले बैटिंग करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 6 विकेट पर 210 रन बनाए। आखिरी ओवर में गुजरात को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे। तुषार देशपांडे ने सिर्फ चार रन दिए और राजस्थान रॉयल्स को जीत दिला दी। गुजरात की टीम 8 विकेट पर 204 रन ही बना पाई। राजस्थान की यह दूसरी जीत है तो गुजरात को अपने दोनों मैचों में हार मिली है।

**ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी ठोकी**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स टीम की शुरुआत शानदार रही। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल बेहतरीन लय में दिखाई दिए और दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 70 रन जोड़े। वैभव ने 18 गेंदों में 172 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 31 रन बनाए। वहीं, यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में 55 रनों की दमदार पारी खेली। वैभव ने अपनी पारी में 5 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, यशस्वी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। कप्तान रियान पराग बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। रियान 4 गेंदों में 8 रन बनाने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बने।शिमरोन हेटमायर ने आगाज अच्छा किया, लेकिन वह 8 गेंदों में 18 रन बनाने के बाद अशोक शर्मा की गेंद पर मोहम्मद सिराज को कैच थमा बैठे। डोनोवन फरेरा को कगिसो रबाडा ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। हालांकि, ध्रुव जुरेल एक छोर को संभालकर खड़े रहे और उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। जुरेल ने 42 गेंदों का सामना करते हुए 75 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के लगाए। रविंद्र जडेजा 7 और जोफ्रा आर्चर एक रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की ओर से गेंदबाजी में कगिसो रबाडा ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए। वहीं, सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अशोक शर्मा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

**राशिद और रबाडा ने पूरे जोर लगाया**

211 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत जोरदार रही। शुभमन गिल की जगह खेल रहे कुमार कुशाग्र और साई सुदर्शन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 7.6 ओवर में 78 रन जोड़े। कुशाग्र ने 18 रन बनाए। वहीं, सुदर्शन बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 44 गेंदों में 73 रनों की दमदार पारी खेली। सुदर्शन ने अपनी इस पारी में 9 चौके और 3 छक्के लगाए। जोस बटलर अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और वह 14 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर 4 रन ही बना सके। राहुल तेवितिया 6 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, शाहरुख खान ने 4 गेंदों में 11 रन बनाए।

अंतिम ओवरों में राशिद खान और कगिसो रबाडा ने 30 गेंदों में 43 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी निभाई, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। राशिद ने 16 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि रबाडा ने 16 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी के दो ओवर में जोफ्रा आर्चर और तुषार देशपांडे ने शानदार गेंदबाजी की। राजस्थान रॉयल्स की ओर से गेंदबाजी में रवि बिश्नोई ने 4 ओवर के स्पेल में 41 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, नांद्रे बर्गर और तुषार देशपांडे ने एक-एक विकेट चटकाया।

## फिडे कैंडिडेट्स 2026, राउंड 5

# जावोखिर सिंदारोव ने हिकारू नाकामुरा को हराकर बढ़त बरकरार रखी, प्रज्ञानानंद ने खेला ड्रा



**नई दिल्ली, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।** साइप्रस में खेले जा रहे फिडे कैंडिडेट्स 2026 के पांचवें राउंड में जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिकारू नाकामुरा को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिंदारोव 5 राउंड के बाद 4.5 अंकों के साथ एकमात्र बढ़त पर बने हुए हैं। सिंदरोव ने मुकाबले में सही समय पर सेंटर में ब्रेक और सक्रिय रूख के खेल के जरिए नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने व्हाइट के क्वींसाइड विस्तार को सजा दी, इसके बाद 16वीं चाल में खेलकर दबाव बनाया और धीरे-धीरे अपने मोहरों को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने किंगसाइड पर चालों से दबाव बढ़ाया। 41वीं चाल में के साथ निर्णायक प्रहार करते हुए उन्होंने मुकाबला अपने नाम किया। वहीं भारत के आर प्रज्ञानानंद ने लगातार दूसरे मुकाबले में ड्रा खेला। उन्होंने आंद्रेई एसिपेंको के खिलाफ थ्रीफोल्ड रिपीटेशन के जरिए अंक बांटे। प्रज्ञानानंद ने संतुलित शुरुआत की, लेकिन दोनों खिलाड़ी कोई भी निर्णायक बढ़त नहीं बना सके और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। चौथे राउंड में हार के बाद भारत की दिव्या देशमुख ने वापसी करते हुए तान झोंगयी के खिलाफ ड्रा खेला। मुकाबला शुरुआत से ही संतुलित रहा, जहां दोनों खिलाड़ियों ने जल्दी कास्टलिंग कर अलग-अलग विंग्स पर खेलना शुरू किया। मिडिल गेम में तान ने नाइट मूव्स से दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन दिव्या ने और समय पर किंग को सेंटर में लाकर बेहतरीन बचाव किया। 42वीं चाल के बाद उन्होंने पर्पेचुअल चेक के जरिए ड्रा सुनिश्चित किया। अन्य मुकाबलों में कातेरिना लाग्नो ने बिबिसारा असाउबायेवा को हराया। ओपन वर्ग में फैबियानो कारुआना ने मथियास ब्लूबाउम को मात देकर 3.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि अनिश गिरी और वेई यी के बीच मुकाबला ड्रा रहा।

महिला वर्ग के एक अन्य मुकाबले में झू जिनर ने आर वैशाली को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

## उद्घाटन समारोह से पहले ही शुरु हो जाएंगे ओलंपिक में फुटबाल मुकाबले : आईओसी



**एथेंस।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार साल 2028 में होने वाले लास एंजिलिस ओलंपिक खेलों में फुटबाल मुकाबले उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले ही शुरू हो जाएंगे। आईओसी के अनुसार पुरुष और महिला दोनों ही वर्गों के मुकाबले 10 जुलाई से शुरु होंगे। ये ये मुकाबले अमेरिका के सात शहरों में होंगे। वहीं ग्रुप स्तर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले न्यूयार्क, कोलंबस, नैशविले और सेंट लुई में रखे गये हैं जबकि नाकआउट मुकाबले कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में आयोजित होंगे। इन शहरों को उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाएं होने के कारण ही बड़े मुकाबलों के आयोजन का अवसर मिला है। वहीं फुटबाल का खिताबी मुकाबला ऐतिहासिक रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस स्टेडियम में ही साल1994 पुरुष फुटबाल विश्व कप, 1999 महिला विश्व कप और 1984 ओलंपिक का फाइनल भी खेला गया था। आईओसीके नए कार्यक्रम के अनुसार टीमों को पिछले ओलंपिक के मुकाबले आराम के लिए दो दिन और मिलेंगे। इससे खिलाड़ियों को हालातों से उबरने का अच्छा अवसर मिलेगा। फुटबाल टूर्नामेंट का अंतिम शेड्यूल इस साल के अंत तक जारी किया जाएगा। ओलंपिक 2028 में फुटबाल टूर्नामेंट में बड़ा बदलाव इसलिए किया जा रहा है जिससे यह टूर्नामेंट पहले से ज्यादा रोमांचक बन सके।

# महिला क्रिकेट : न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 66 रन से हराकर जीती वनडे सीरीज

**वेलिंगटन, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे मुकाबले में 66 रन से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व मैदान पर शनिवार (4 अप्रैल) को खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम महज 3 रन पर 3 विकेट गंवा बैठी। तुमी सेखुखुने ने सूजी बेट्स और अमेलिया केर को आउट कर शुरुआती झटके दिए, जबकि अयांडा ह्लूबी ने जार्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा।

इसके बाद मैडी ग्रीन और ब्रूक हालिडे ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 211 रनों की बड़ी साझेदारी की। मैडी ग्रीन ने नाबाद 141 रन बनाए, जबकि ब्रूक हालिडे 98 रन बनाकर शतक से चूक गईं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 306 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने अच्छी शुरुआत की और ओपनर्स ने 68 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान लारा वोलवार्ड्ट और एनरी डर्कसन ने 77 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, वोलवार्ड्ट के आउट होते ही टीम लड़खड़ा गई और स्कोर 145/1 से 154/4 हो गया।

इसके बाद साउथ अफ्रीका की पारी बिखर गई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। रोजमेरी मेयर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और पूरी टीम को 46.1 ओवर में 240 रन पर समेट दिया।

**संक्षिप्त स्कोर :**

**न्यूजीलैंड:** 306/7 (50 ओवर) – मैडी ग्रीन 141*, ब्रूक हालिडे 98

**साउथ अफ्रीका:** 240 आलआउट (46.1 ओवर) – लारा वोलवार्ड्ट 69, एनरी डर्कसन 47

न्यूजीलैंड 66 रन से विजेता।

# चाईबासा में 5 अप्रैल से अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, 15 अप्रैल को फाइनल

**पश्चिमी सिंहभूम, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।** झारखंड में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल के तहत अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 05 अप्रैल से चाईबासा में होने जा रहा है। झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के सभी ग्रुप-ए मुकाबले चाईबासा स्थित बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

संघ की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार ग्रुप-ए में गत वर्ष की चैंपियन रांची के अलावा सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा और खूँटी की टीमें शामिल हैं। इस ग्रुप के सभी लीग मुकाबलों के साथ-साथ सुपर डिवीजन के तीन मैच और फाइनल भी चाईबासा में ही आयोजित होंगे।



टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। उद्घाटन मुकाबला 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे लोहरदगा और खूँटी के बीच खेला जाएगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे सिमडेगा और गुमला की टीमें आमने-सामने होंगी। इसके बाद 6 से 9 अप्रैल तक रोजाना दो-दो लीग मैच खेले जाएंगे, जिसमें सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करेंगी प्रतियोगिता का अगला चरण यानी सुपर डिवीजन के मुकाबले 11 से 13 अप्रैल के बीच आयोजित होंगे, जबकि फाइनल मैच 15 अप्रैल को खेला जाएगा।

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के ठहरने एवं खानपान के साथ-साथ मैदान की तैयारियों का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

उन्होंने बताया कि मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी जमशेदपुर के अभिषेक और हेमंत ठाकुर निभाएंगे, जबकि खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए महिला चयन समिति की अध्यक्ष कविता राय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगी। वहीं, पूर्व रणजी खिलाड़ी और जेएससीए के आजीवन सदस्य तड़ित घोष को लाइजनिंग आफिसर बनाया गया है, जो प्रतियोगिता के उद्घाटन की औपचारिकता भी निभाएंगे।

### ऋषभ पारी की शुरुआत की जगह निचले क्रम पर ही खेलें : पीटरसन

**लंदन (ईएमएस)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा है कि लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को पारी की शुरुआत नहीं करनी चाहिये। पीटरसन के अनुसार इससे ऋषभ पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है जिससे उनकी बल्लेबाजी खराब हो रही है। पीटरसन के अनुसार इस बल्लेबाज का शीर्ष क्रम की जगह अपने वास्तविक क्रम पर खेलना चाहिए। पीटरसन के अनुसार शीर्ष क्रम पर खेलने के कारण वह अपने खेल का आनंद लेने की जगह पर बिना कारण दबाव में आ रहे हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में केवल सात रन ही बना पाये जिससे उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। पीटरसन का कहना है कि इस बल्लेबाज का पारी की शुरुआत में उतरना ठीक नहीं लगता। पीटरसन ने कहा, जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी क्षमता को देखते हैं तो सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा।




# महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बिक्री के नए रिकार्ड किए कायम

**नई दिल्ली, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।**

मार्च 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बिक्री के नए रिकार्ड कायम किए हैं। मंहिद्रा की डोमेस्टिक एसयूवी बिक्री 60,272 यूनिट तक पहुंच गई, जो मार्च 2025 के 48,048 यूनिट्स के मुकाबले 25 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी दर्शाती है। वहीं, कुल बिक्री (एक्सपोर्ट और कमर्शियल व्हीकल सहित) 99,969 यूनिट रही, जो पिछले साल के मुकाबले 21 प्रतिशत की ग्रोथ को दिखाती है। पूरे वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने एसयूवी सेगमेंट में अब तक की सबसे अधिक 6,60,276 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो एफवाय 25 के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा है। इससे साफ है कि कंपनी की एसयूवी-केंद्रित रणनीति को बाजार में अच्छा रिस्पान्स मिल रहा है। लाइट कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में भी कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन किया। मार्च में इसकी घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 24,928 यूनिट हो गई, जबकि पूरे वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 2,89,597 यूनिट तक पहुंच गया। एक्सपोर्ट में हल्की गिरावट जरूर देखी गई और मार्च में यह 3,968 यूनिट रहा, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में स्थिरता बनी रही, जबकि थ्री-व्हीलर सेगमेंट में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। मार्च में थ्री-व्हीलर बिक्री 39 प्रतिशत बढ़कर 10,801 यूनिट तक पहुंच गई, जो कंपनी के लिए सकारात्मक संकेत है। इसी बीच कंपनी अपनी लोकप्रिय एसयूवी महिंद्रा स्कारपियो-एन के फेसलिफ्ट वर्जन को अगस्त 2026 में लान्च करने की तैयारी कर रही है।

## 2028 में ए-क्लास की नई जनरेशन को लान्च करेगी मर्सीडिज



**नई दिल्ली।** लग्जरी कार निर्माता कंपनी मर्सडिज ए-क्लास बेंझ अपनी एंट्री-लेवल कार मर्सडिज ए-क्लास को 2028 में ए-क्लास की नई जनरेशन को ग्लोबली लान्च करेगी। यह कार पहले से ज्यादा आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत होगी। खास बात यह है कि यह माडल पेट्रोल, हाइब्रिड और पूरी तरह इलेक्ट्रिक विकल्पों में उपलब्ध रहेगा। नई ए-क्लास को एमएमए प्लेटफार्म पर तैयार किया जाएगा, जिस पर मर्सडिज बेंझ सीएलए भी आधारित है। पावरट्रेन की बात करें तो हाइब्रिड वर्जन में 1.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलने की संभावना है, जो 156बीएचपी से 212बीएचपी तक की पावर दे सकता है। वहीं इलेक्ट्रिक वर्जन में 58केडब्ल्यूएच और 85केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। डिजाइन के लिहाज से यह कार पहले से ज्यादा बड़ी और स्पेसियस होगी। इसमें शार्क-नोज फ्रंट डिजाइन और बढ़ी हुई ग्राउंड क्लीयरेंस दी जाएगी, जिससे इसका लुक और भी प्रीमियम नजर आएगा। इंटीरियर में पांच लोगों के बैठने की सुविधा, एडजस्टेबल रियर सीट और बेहतर सस्पेंशन सेटअप जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है, जो राइड क्वालिटी को और बेहतर बनाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### युद्ध के असर से कमोडिटी बाजारों में भारी गिरावट, ऊर्जा संकट ने बढ़ाई चिंता



**नई दिल्ली।** वैश्विक तनाव और ऊर्जा संकट के चलते वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल तेज हो गई है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेजी से भारत जैसे आयातक देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ने की आशंका गहरा गई है। युद्ध के चलते वैश्विक कमोडिटी बाजारों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा है। मार्च महीने में प्रमुख सूचकांक में दो अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जिसकी बड़ी वजह विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली रही। कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही बाजार के लिए कई वर्षों में सबसे कमजोर साबित हुई है। ऊर्जा कीमतों में उछाल से कंपनियों की लागत बढ़ने की आशंका है, जिससे उनके मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। विशेष रूप से उन सेक्टरों पर असर अधिक दिख सकता है, जो कच्चे माल और ईंधन पर ज्यादा निर्भर हैं। इसके अलावा, होर्मुज स्ट्रेट में बाधा के कारण उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे आने वाले बुवाई सीजन और खाद्यान्न उत्पादन पर असर पड़ सकता है। इससे महंगाई बढ़ने का खतरा भी पैदा हो गया है। हालांकि, इस नकारात्मक माहौल के बावजूद ब्रोकरेज हाउस और विश्लेषक पूरी तरह निराश नहीं हैं। उनका मानना है कि मौजूदा संकट अस्थायी है और हालात सामान्य होने पर बाजार में सुधार संभव है। अगले एक साल के लिए बाजार के अनुमानित लक्ष्य में बहुत मामूली कटौती की गई है, जो निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौजूदा गिरावट के बीच चुनिंदा सेक्टरों और मजबूत कंपनियों में निवेश के अवसर भी उभर सकते हैं, खासकर वे जो कमोडिटी कीमतों में बढ़ोतरी से लाभान्वित हो सकती हैं।

### बालासोर के प्लास्टिक उद्योग में ठप पड़ा उत्पादन, मजदूरों पर संकट



**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर स्थित गणेश्वरपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक उद्योग इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में आपूर्ति बाधित होने के कारण कच्चे माल की कमी हो गई है, जिसका सीधा असर उत्पादन और मजदूरों की आजीविका पर पड़ रहा है। भुवनेश्वर से करीब 205 किलोमीटर दूर बालासोर का गणेश्वरपुर औद्योगिक क्षेत्र, जो प्लास्टिक और पालिमर उत्पादों के लिए जाना जाता है, इन दिनों सुस्त पड़ा है। यहां संचालित लगभग 20 एमएसएमई इकाइयों में उत्पादन लगभग ठप हो गया है। पालिप्रोपिलीन जैसे कच्चे माल की कमी के चलते मशीनें लंबे समय तक बंद रखी जा रही हैं। कारखानों में काम करने वाले मजदूरों की संख्या, जो सामान्य दिनों में 1500 से अधिक थी, अब घटकर 800 से भी कम रह गई है। ठेका मजदूर बताते हैं कि पिछले 15 दिनों से उन्हें काम नहीं मिला है। फैक्टरी प्रबंधन का कहना है कि कच्चा माल उपलब्ध नहीं होने तक उत्पादन शुरू करना संभव नहीं है। दिहाड़ी मजदूरों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार इरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव का असर अब स्थानीय उद्योगों और मजदूरों की आजीविका पर साफ दिखाई देने लगा है।

### एयरटेल बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकाम कंपनी, 650 मिलियन ग्राहकों का आंकड़ा पार




**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार दिग्गज भारती एयरटेल ने 650 मिलियन ग्राहकों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी टेलीकाम कंपनी होने का गौरव हासिल किया है। जीएसएमए इंटेलिजेंस की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, यह उपलब्धि हासिल करने वाली एयरटेल देश की एकमात्र भारतीय कंपनी बन गई है। भारत और अफ्रीका के 14 देशों में फैले अपने व्यापक नेटवर्क के साथ कंपनी ने कनेक्टिविटी और डिजिटल नवाचार के नए मानक स्थापित किए हैं। भारत में 368 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रही एयरटेल ने 5G प्लस, एक्सस्ट्रीम एयरफाइबर और दुनिया के पहले नेटवर्क-आधारित एआई स्पैम प्रोटेक्शन जैसे अत्याधुनिक समाधानों के जरिए अपनी स्थिति मजबूत की है। वहीं अफ्रीका में कंपनी 179 मिलियन ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना चुकी है, जहाँ उसका मोबाइल वित्तीय प्लेटफार्म एयरटेल मनी 52 मिलियन से अधिक लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़कर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रहा है। भविष्य की तैयारियों को लेकर कंपनी अब स्पेसएक्स और यूटेलसैट वनवेब के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से सैटेलाइट ब्राडबैंड के क्षेत्र में कदम रख रही है, ताकि सुदूर ग्रामीण और समुद्री क्षेत्रों में भी निर्बाध इंटरनेट उपलब्ध कराया जा सके।

# गिरते बाजार में म्युचुअल फंड का बड़ा दांव, मार्च में निवेश 1 लाख करोड़ के पार

## एफपीआई की रिकार्ड बिकवाली के बीच घरेलू फंड्स बने सहारा, सस्ते शेयरों में बढ़ाई हिस्सेदारी




**मुंबई, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।**

मार्च में शेयर बाजार की तेज गिरावट के बीच घरेलू म्युचुअल फंडों ने अवसर का लाभ उठाते हुए इक्विटी में भारी निवेश किया। विदेशी निवेशकों की रिकार्ड बिकवाली के बावजूद बाजार को स्थिरता देने में इनकी अहम भूमिका रही। शेयर बाजार में मार्च के दौरान भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जहां निफ्टी में करीब 11 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट कोविड महामारी के बाद की सबसे बड़ी मासिक गिरावट रही। इस गिरावट को घरेलू म्युचुअल फंडों ने निवेश के अवसर के रूप में लिया और शेयरों में जमकर खरीदारी की।

अंतरिम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में म्युचुअल फंडों का इक्विटी में कुल निवेश 1 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। पूरे वित्त वर्ष 2026 में यह निवेश 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के 4.7 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर से भी ज्यादा है। दूसरी ओर, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 1.23 लाख करोड़ रुपये की रिकार्ड बिकवाली की। इसके बावजूद घरेलू फंडों की मजबूत लिवाली ने बाजार पर इसके नकारात्मक प्रभाव को काफी हद तक संतुलित किया।

विशेषज्ञों के अनुसार, इक्विटी योजनाओं में बढ़ते निवेश, सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निरंतर प्रवाह और गिरावट के दौरान एकमुश्त निवेश में तेजी ने म्युचुअल फंडों की खरीदारी को बढ़ावा दिया। साथ ही हाइब्रिड फंडों में इक्विटी आवंटन बढ़ने से भी निवेश में इजाफा हुआ। बढ़ती वित्तीय जागरूकता, डिजिटलीकरण और आय में सुधार के चलते निवेशकों का रुझान म्युचुअल फंडों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यही वजह है कि मौजूदा अस्थिरता के दौर में भी घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## टाटा मोटर्स की कारें हुई महंगी




**नई दिल्ली ।** अपने वाहनों की कीमतों में स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने बढ़ोतरी लागू कर दी है। इस बार कीमतों में अधिकतम 1.09 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है, जिसे बढ़ती इनपुट लागतों से जोड़कर देखा जा रहा है। कंपनी की बी-सेगमेंट (सब-4 मीटर) गाड़ियों में मजबूत पकड़ है और वह सी-सेगमेंट में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। इसी दिशा में आने वाले समय में नए माडल लान्च कर पोर्टफोलियो को मजबूत करने की योजना बनाई जा रही है। माडल-वार बढ़ोतरी की बात करें तो टाटा टिगोर के बेस वेरिएंट में सबसे ज्यादा 1.09 प्रतिशत यानी 6,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिससे इसकी कीमत 5,48,990 रुपये से बढ़कर 5,54,990 रुपये हो गई है। इसके बाद टाटा पंच की कीमत में करीब 5,000 रुपये का इजाफा हुआ है और इसकी नई शुरुआती कीमत 5,64,990 रुपये हो गई है। टाटा नेक्सान के बेस वेरिएंट की कीमत में 5,100 रुपये की वृद्धि हुई है और यह अब 7,36,990 रुपये (एक्स-शोरूम) हो गई है। वहीं टाटा सफारी डीजल की शुरुआती कीमत में 8,700 रुपये की बढ़ोतरी के साथ यह 14,74,990 रुपये तक पहुंच गई है। टाटा टियागो की कीमत में 2,500 रुपये का इजाफा हुआ है, जबकि टाटा क्रुर्व एसयूवी में सबसे कम करीब 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, सभी माडलों की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं। हैरियर और कुछ अन्य वेरिएंट्स की कीमतें पहले जैसी ही बनी हुई हैं। दिलचस्प बात यह है कि टाटा अल्ट्राज की कीमत में मामूली 400 रुपये की कटौती की गई है, जो इसकी बिक्री में गिरावट का संकेत मानी जा रही है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अरब डालर घटा रुपये की कमजोरी बढ़ी



**मुंबई, 04 अप्रैल (एजेंसियां)।**

**पश्चिम एशिया में फरवरी के अंत में शुरू हुए टकराव और डालर की मजबूती के बीच भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से गिरावट आई है। रुपये को स्थिर रखने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप ने भी भंडार पर दबाव डाला है। फरवरी 2026 के अंत से लेकर मार्च के अंत तक भंडार में कुल 30.5 अरब डालर की गिरावट हुई है।**

## आरबीआई के हस्तक्षेप और डालर की मजबूती के दबाव बढ़ा

इसका मुख्य कारण रुपये में कमजोरी और विदेशी मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप है। रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 27 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 10.28 अरब डालर घटकर 688.05 अरब डालर रह गया। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को यह सर्वकालिक उच्च 728.5 अरब डालर पर था। इस दौरान विदेशी मुद्रा संपत्तियों में 6.62 अरब डालर की गिरावट आई, जबकि सोने के भंडार में 3.66 अरब डालर की कमी दर्ज की गई। विशेष निकासी अधिकार में मामूली बढ़ोतरी हुई, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की स्थिति में गिरावट रही। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में भंडार में कुल 22.72 अरब डालर की वृद्धि दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण सोने के भंडार का बढ़ना रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, भंडार की संरचना में बदलाव आया है, सोने का हिस्सा तेजी से बढ़ा है, जबकि विदेशी मुद्रा संपत्तियों में गिरावट जारी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक अनिश्चितता और डालर की मजबूती जारी रहती है, तो आरबीआई का हस्तक्षेप भंडार पर दबाव डालता रहेगा। निवेशक और नीति निर्माता इसके प्रभावों पर नजर बनाए हुए हैं, क्योंकि रुपये की कमजोरी और वैश्विक आर्थिक दबाव भारत की अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय लेनदेन को प्रभावित कर सकते हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

## पानी और बियर...

और विक्रेताओं ने अब तक यह अतिरिक्त खर्च खुद उठाया है, ताकि उपभोक्ताओं पर इसका असर न पड़े। इसकी वजह से एक लीटर पानी की बोतल, जिसकी कीमत लगभग 20 रुपये है और पांच लीटर की बोतल, जिसकी कीमत 60 से 70 रुपये के बीच है, उनकी कीमतों में अभी तक बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। वे कहते हैं, लेकिन अतिरिक्त लागत को लंबे समय तक खुद उठाना कंपनियों के लिए संभव नहीं है। अगर हालात और बिगड़ते हैं, तो उपभोक्ताओं को इसका असर झेलना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपूर्ति पर यह दबाव ऐसे समय में आया है, जब अप्रैल और मई के महीनों में बोतलबंद पानी और नॉन-अल्कोहलिक ड्रिंक्स की मांग अपने चरम पर होती है। केमको प्लास्टिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक वैभव सरावगी का कहना है कि प्रीफॉर्म की कीमतों में बढ़ोतरी का असर सिर्फ बोतलबंद पानी उद्योग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी पैकेजिंग इंडस्ट्री पर पड़ेगा। भारत का पीईटी पैकेजिंग बाजार साल 2024 में 1.5 अरब डॉलर का था और साल 2033 तक इसके 2.2 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बोतलबंद पानी और पेय पदार्थों के अलावा इसका उपयोग ब्यूटी, फार्मास्यूटिकल्स, रेस्टोरेंट्स और फूड डिलीवरी जैसे क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर होता है। ग्लास बोतल बनाने वाली कंपनियां भी इस संकट से अछूती नहीं हैं। पिछले महीने हाइनकेन और कार्ल्सबर्ग जैसी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली ब्रुअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि ग्लास बोतलों की कीमतों में लगभग 20% की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही इस संस्था की सदस्य कंपनियों से कहा गया है कि वे राज्यों से बीयर की कीमतों में 12-15% तक बढ़ोतरी की मांग करें। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहलिक बेवरेज कंपनियों ने भी राज्यों को पत्र लिखकर कीमतें बढ़ाने की मांग की है।

**दवा और बीयर उद्योग प्रभावित**

दवा और बीयर बनाने वाली कंपनियां एम्बर ग्लास की रंगीन बोतलों का इस्तेमाल करती हैं। इनके एक प्रमुख निर्माता और विक्रेता, विट्रम ग्लास के सीईओ विठोबा शेट का कहना है कि कीमतों में यह बढ़ोतरी प्राकृतिक गैस की घटती-बढ़ती सप्लाई का नतीजा है। ग्लास निर्माता अपने भट्ठों को चलाने के लिए प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हैं, जिसमें रेत, सोडा ऐश, चूना पत्थर और पुनर्नवीनीकृत कांच को पिघलाकर तरल कांच तैयार किया जाता है, जिसे बाद में बोतलों का आकार दिया जाता है। हालांकि, युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने नेचुरल गैस के इस्तेमाल को लेकर नियम सख्त कर दिए हैं, जिसमें घरेलू उपयोग और कुछ चुनिंदा उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। शेट के मुताबिक, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में करीब 20% की कमी आई है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कुछ कंपनियां जैसे विट्रम ग्लास इस कमी को पूरा करने के लिए तेल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतें उत्पादन लागत को और बढ़ा रही हैं। भारत सरकार का कहना है कि देश में ऊर्जा आपूर्ति स्थिर है, लेकिन युद्ध के बाद कई रेस्टोरेंट्स को कुकिंग गैस की कमी के कारण बंद करना पड़ा है। ऊर्जा संकट का असर सिरेमिक और उर्वरक उद्योगों पर भी पड़ा है, जबकि विमान क्षेत्र जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों से जूझ रहा है। शेट ने कहा, हालात गंभीर हैं। पानी और दवाइयां जैसी चीजें जरूरी हैं, और सप्लाई में थोड़ी सी भी कमी इस पर बड़ा असर डाल सकती है।

## कैंप में ...

विरोध स्वरूप, स्थानीय बीआरएस कैडर ने सोमवार को गज्वेल निर्वाचन क्षेत्र में बंद की घोषणा की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में अनाधिकृत प्रवेश और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत मामले दर्ज कर लिए गए हैं और जांच जारी है।

## लोकतंत्र पर ...

बीआरएस के विधायकों, विधान पार्षदों और वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को ग़ज्वेल में विपक्ष के नेता के. चंद्रशेखर राव के कैंप कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए हमले को अत्यंत निंदनीय करार दिया है। नेताओं ने लोकतंत्र के समर्थकों से एकजुट होकर इस गुंडागर्दी की निंदा करने की अपील की है।

पूर्व मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ ने बीआरएस अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर हुए हमले को तेलंगाना की जनता पर हमला बताया। उन्होंने विपक्ष के नेता के कार्यालय में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की तस्वीर जबरन लगाने पर कांग्रेस नेताओं पर कड़ा प्रहार किया। गौड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया, क्या कांग्रेस और संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाते हैं?

बीआरएस एमएलसी देशपति श्रीनिवास ने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासनिक मशीनरी इस अराजकता को रोकने के बजाय मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था के पूरी तरह चरमराने का संकेत है। श्रीनिवास ने आगे कहा, विपक्ष के नेता के कार्यालयों पर हमले उकसाना मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के अस्तित्व के संकट, मनोवैज्ञानिक संकट और गहरी असुरक्षा की भावना का स्पष्ट प्रमाण है।विफलताओं से ध्यान भटकाने की साजिश बीआरएस के डिप्टी फ्लोर लीडर तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता केवल मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने और सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए गुंडागर्दी का सहारा ले रहे हैं। वहीं, बीआरएस एमएलसी दासोजू श्रवण ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से हस्तक्षेप करने और राज्य सरकार को कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी कि वे बीआरएस कार्यकर्ताओं के धैर्य की परीक्षा न लें, अन्यथा कांग्रेस मंत्रियों को कठिन समय का सामना करना पड़ेगा।

**सत्ता पक्ष की हताशा का प्रतीक**

पूर्व मंत्री वी. प्रशांत रेड्डी ने आरोप लगाया कि दो नगर पालिका अध्यक्ष चुनावों में हार की हताशा में कांग्रेस नेताओं ने कैंप कार्यालय पर हमला किया। उन्होंने कहा, विधायक का कैंप कार्यालय एक सरकारी संपत्ति है। विडंबना यह है कि सत्ताधारी कांग्रेस के नेता ही ऐसी संपत्तियों पर हमला कर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीआरएस के आधिकारिक प्रवक्ता रावुला श्रीधर रेड्डी ने कहा कि यह कृत्य कांग्रेस नेताओं के बीच हताशा की पराकाष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

## भारतीयों के...

उनकी लोकसभा सीटें कम नहीं होंगी। सभी राज्यों को फायदा देने के लिए कुल सीटें बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को 33% आरक्षण देने वाले कानून पर चर्चा के लिए संसद का सत्र 16 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। सीटें बढ़ाने से दक्षिणी राज्यों की मौजूदा सीटें सुरक्षित रहेंगी।

पीएम ने कहा कि यहां सबरीमाला रेलवे प्रोजेक्ट इस इलाके में नई संभावनाएं खोल सकता है। यह सबरीमाला से सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, लोकल बिजनेस को नई रफ्तार देगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। जब भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो ऐसी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी, यह मोदी की गारंटी है।

आज केरल में युवाओं का पलायन सबसे बड़ी चिंता है। यहां रोजगार के लिए इंडस्ट्री लगाने की जरूरत है। यहां सर्विस सेक्टर बने, स्टार्टअप को जगह मिले, सही वेल्यू मिले। लेकिन यहां सबसे बड़ी दीवार करप्शन और कम्युनलिज्म है। जब ये दीवार टूटेगी तभी केरल का विकास होगा। इसके लिए एलडीएफ और यूडीएफ को हराना होगा।3 दिन के लिए 16-18 अप्रैल को बजट सत्र का सेशन होगा। जो कानून हमने पारित किया है। 2029 में लोकसभा के चुनाव से 33 फीसदी महिला आरक्षण का लाभ मिलना शुरू होगा। इसका फायदा हमारे दक्षिण भारत के राज्यों को मिले। हमने सभी विपक्षी दलों को मीटिंग में बुलाया है। मैं सभी राजनैतिक दलों से कहता हूं कि संसद में आए इस बिल को पारित करें। महिला आरक्षण से जुड़ा संशोधन बिल सर्वसम्मति से पास होगा। नारी शक्ति के हित से जुड़ा काम है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे केरल को भगवान ने बहुत सारी संभावनाएं और संसाधन दिए हैं। यहां समुद्र में ब्लू इकॉनमी में मौके हैं, और टूरिज्म के क्षेत्र में बहुत सारी संभावनाएं हैं, फिर भी केरल विकास की दौड़ में दूसरे राज्यों से पीछे है।

## स्वदेशी सिस्टम...

जुल्फकारी के मुताबिक, आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के नए एयर डिफेंस सिस्टम ने एक उन्नत अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट, तीन ड्रोन (एमक्यू-9 और हर्मीस मॉडल) और दो रडार से बचने वाली क्रूज मिसाइलों को मार गिराया। इसके अलावा, इसी सिस्टम ने एक ए-10 फाइटर विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टरों को भी निशाना बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की एयर डिफेंस सिस्टम के तहत सेना की अन्य यूनिट्स ने भी कार्रवाई करते हुए एक और ए-10 फाइटर जेट को गिराया।वहीं अमेरिकी अधिकारियों ने भी कुछ घटनाओं की पुष्टि की है। उनके अनुसार, एक एफ-15ई जेट को मार गिराया गया। इसके अलावा, एक ए-10 वॉर्थोग के पायलट को कुवैत में विमान पर हमले के बाद इजेक्ट करना पड़ा। बताया गया कि लापता पायलट की तलाश में भेजे गए दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर भी ईरानी फायरिंग की चपेट में आए, हालांकि वे किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। पायलट और क्रू के घायल होने की स्थिति स्पष्ट नहीं है।आईआरजीसी ने यह भी दावा किया है कि उसने इजरायल के विभिन्न इलाकों में मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही कुवैत में अमेरिकी एचआईएमआरएस रॉकेट सिस्टम और बहरीन में पैट्रियट मिसाइल बैटरियों को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है।जुल्फकारी ने कहा कि ईरान अपने देश के युवा, कुशल और गर्वित वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम पर निर्भर है और इन्हें लगातार युद्ध के मैदान में पेश किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान जल्द ही अपने हवाई क्षेत्र पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लेगा और दुश्मन की कमजोरी को दुनिया के सामने उजागर करेगा।आईआरजीसी ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी इलाके में उस स्थान के पास तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, जहां अमेरिकी पायलट का विमान गिरा था। वहीं क्षेत्रीय गवर्नर ने घोषणा की है कि जो भी दुश्मन के सैनिक को पकड़ने या मारने में मदद करेगा, उसे इनाम दिया जाएगा।इन घटनाओं के बीच डोनाल्ड ट्रंप और उनके रक्षा मंत्री द्वारा पहले किए गए उस दावे पर सवाल उठने लगे हैं, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी सेना को क्षेत्र के आसमान पर पूर्ण नियंत्रण हासिल है। ताजा घटनाएं इस दावे के विपरीत स्थिति दर्शाती हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी इस संघर्ष में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। इस युद्ध ने न सिर्फ क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ाई है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति पर भी गंभीर असर डाला है।

## भारतीय वायुसेना ...

ऐसे 600 हवाई बमों में रुचि दिखाई गई है। इसमें इन बमों के डिजाइन, विकास और खरीद की प्रक्रिया शामिल है। इन बमों के साथ टेल यूनिट और अन्य जरूरी उपकरण भी शामिल होंगे। इस पूरी परियोजना को बाय इंडियन श्रेणी के तहत लागू किया जाएगा, जिससे घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। एयरफोर्स इन बमों को बड़े पैमाने पर अपने ऑपरेशनल स्ट्रक्चर में शामिल करना चाहती है।

प्रस्तावित बमों को नेचुरल फ्रैगमेंटेशन और हाई-कैलिबर श्रेणी का बताया गया है। ये बम विस्फोट के बाद बड़े पैमाने पर टुकड़ों में बिखरकर दुश्मन के ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाने में सक्षम होंगे। खास बात यह है कि इन बमों को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि इन्हें भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल रूसी और पश्चिमी लड़ाकू विमानों से दागा जा सके।

इस पूरी परियोजना को दो प्रमुख चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में छह प्रोटोटाइप तैयार किए जाएंगे। इनमें लाइव और इनर्ट दोनों तरह के बम शामिल होंगे। इनके साथ टेल यूनिट और अन्य जरूरी सिस्टम भी विकसित किए जाएंगे। इस चरण में कम्पोजिट ट्रायल होंगे और एयर स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इसके साथ ही यह अनिवार्य किया गया है कि विकास प्रक्रिया में कम से कम 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हो। दूसरे चरण में योग्य एजेंसियों को कमर्शियल आरएफपी जारी किया जाएगा और बाय इंडियन श्रेणी के तहत अंतिम खरीद की जाएगी। इस प्रोजेक्ट की कुल समयसीमा लगभग 2.5 साल रखी गई है। इसमें पूरी प्रक्रिया को शामिल किया गया है।ट्रायल भारत के भीतर ही किए जाएंगे और भारतीय वायु सेना के तय एयरक्राफ्ट प्लेटफॉर्म पर इन बमों की टेस्टिंग होगी। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि सिस्टम को भारतीय जरूरतों के मुताबिक बेहतर ढंग से तैयार किया जा सकेगा। इस परियोजना में भारतीय कंपनियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी भागीदारी का मौका दिया गया है। जरूरत पड़ने पर विदेशी सहयोग जैसे जॉइंट वेंचर, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर या ऑफ-द-शेल्फ व्यवस्था की भी अनुमति होगी। हालांकि, शर्त साफ है कि डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग में स्वदेशी हिस्सेदारी को प्राथमिकता देनी होगी। तकनीकी और वित्तीय मानकों के आधार पर कंपनियों का चयन किया जाएगा। इसमें उनकी इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर की भी जांच होगी।इसी समन्वय के कारण पूरे कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

**बीएलओ के दौरों को लेकर बढ़ती शिकायतें**

हैदराबाद और मेडचल-मलकाजगिरी में प्री-एसआईआर मैपिंग की प्रगति काफी कम रही है। ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि बीएलओ केवल चुनिंदा बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि कई कॉलोनियों के निवासियों का कहना है कि उनके क्षेत्रों में कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है।सुदर्शन रेड्डी ने चेतावनी दी कि यदि बीएलओ अभी प्री-एसआईआर मैपिंग पूरी नहीं करते हैं, तो वास्तविक एसआईआर अवधि (जो केवल एक महीने की होती है) के दौरान यह कार्य अत्यंत कठिन हो जाएगा। उन्होंने जिला चुनाव अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों से मिल रही इन शिकायतों की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

**कर्मचारियों की कमी और तकनीकी बाधाएं**

अधिकारियों के अनुसार, नागरिक निकाय (जीएचएमसी, साइबराबाद और मलकाजगिरी) के कर्मचारियों को संपत्ति कर संग्रह जैसे राजस्व कार्यों में लगाए जाने के कारण मैपिंग का काम प्रभावित हुआ है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश और अन्य राज्यों के कई निवासियों को पते के विवरण में अंतर के कारण मैपिंग पूरी करने में कठिनाई हो रही है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 05 अप्रैल, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना के दक्षिण जोन शाखाओं की बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की दक्षिण जोन शाखाओं की बैठक होटल अमृतसर हवेली में आयोजित की गई। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समाज के प्रेस व मीडिया चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में चारमीनार शाखा, अत्तापुर शाखा, मुरलीनगर शाखा, चेलापुरा शाखा, बहादुरपुरा शाखा, अत्तापुर सेंट्रल शाखा, राणीसती दादी शाखा, भूदेवी शाखा, शिवरामपल्ली शाखा, रिकाबगंज शाखा, घांसी बाजार झूला शाखा तथा शालिबंडा शाखा के पदाधिकारीगण एवं केंद्रीय समिति सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उपस्थित अग्रबंधुओं ने एक-दूसरे का परिचय भी दिया।

**शाखाओं के समन्वय और विकास पर जोर**

दक्षिण जोन की समन्वयकर्ता श्रीमती अल्का मिंडा ने सभी अग्रबंधुओं का स्वागत करते हुए शाखाओं के पदाधिकारियों से समाज को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करने हेतु निरंतर सहयोग देने का आग्रह किया। पांचों जोन के मुखिया सुरेश कुमार टंडन ने निकट भविष्य में समाज द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

**कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी**

इन योजनाओं में इंडक्शन चूल्हा वितरण, सिलाई मशीन वितरण, जगन्नाथ पुरी तीर्थ यात्रा, शहर के विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर की स्थापना, शिक्षा सहायता, चिकित्सा सहायता, 11/- रुपये में केंद्र स्तर पर विशेष सदस्यता अभियान, राशन वितरण तथा विकलांगों के लिए सहायता जैसी योजनाएं शामिल हैं। पश्चिम जोन के जिला समन्वयकर्ता मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि ये सभी योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर अग्रबंधुओं के परिवारों के लिए चलाई जा रही हैं, जिनमें समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गोयल तथा सहमंत्री डॉ. सीमा जैन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**पत्रिका प्रकाशन एवं सहभागिता का आह्वान**

समाज की पत्रिका 'अग्रमंजूषा' भी इस माह से नियमित रूप से प्रकाशित की जाएगी। सभी पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि जुलाई 2025 से अब तक शाखाओं में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी प्रकाशन हेतु चेयरमैन मुकेश कुमार केडिया अथवा समाज कार्यालय में भेजें।

**सुझावों का स्वागत और योजनाओं की सराहना**

कार्यवाहक अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गोयल ने उपस्थित अग्रबंधुओं से अपील की कि वे अपनी-अपनी शाखाओं के सदस्यों को सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। कार्यक्रम में अग्रबंधुओं द्वारा समाज की उन्नति के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें कार्यवाहक अध्यक्ष ने लागू करने का आश्वासन दिया। उपस्थित सभी अग्रबंधुओं ने आगामी योजनाओं की सराहना की।

**अनेक पदाधिकारी रहे उपस्थित, सफल आयोजन**

बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गोयल, पश्चिम जोन के जिला समन्वयकर्ता मुकुंद लाल अग्रवाल, उत्तर जोन के जिला समन्वयकर्ता सुनील कुमार चोखानी, दक्षिण जोन की जिला समन्वयकर्ता श्रीमती अल्का मिंडा, सेंट्रल जोन के जिला समन्वयकर्ता अजय तुलसीयान सहित सभी जोन के प्रमुखसुरेश कुमार टंडन, विनय जैन, सतीश सरायवाला, दिनेश मोदी, बंजारा सेंट्रल के नवल किशोर बंसल आदि उपस्थित रहे।

नाचाराम मल्लापुर शाखा के केंद्रीय समिति सदस्य प्रतीक नरसरिया द्वारा सभा का संचालन किया गया। अंत में रात्रि भोज के साथ बैठक का समापन हुआ।




# सेवा से बढ़कर कोई पूजा नहीं: उमाकांत गुप्ता ने केबीआर पार्क अन्नदान में दिया मानवता का संदेश



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में रविवार को इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने स्थित केबीआर पार्क पर नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में मानवता, करुणा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। भोजन पाकर उनके चेहरों पर आई मुस्कान ने इस सेवा कार्य को और भी सार्थक बना दिया। पूरा वातावरण सेवा, समर्पण और करुणा की भावना से ओत-प्रोत नजर आया।

इस अवसर पर उमाकांत गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा से बढ़कर कोई पूजा नहीं होती। भारतीय संस्कृति में दान और परोपकार को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। भूखे को भोजन कराना ही सच्ची मानवता और सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि राधे-राधे ग्रुप पिछले कई महीनों से निरंतर निस्वार्थ भाव से यह सेवा कार्य कर रहा है, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनता जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि यह सब परमपिता परमात्मा की कृपा है कि उन्हें इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। ऐसे कार्य न केवल जरूरतमंदों की सहायता करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सुभाष अग्रवाल, उमाकांत गुप्ता, जयप्रकाश सारडा, संजय गुप्ता, हरीश तोलाराम हिंदूजा सहित ग्रुप के अनेक सदस्यों की सक्रिय एवं गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर सेवा के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# श्री जगन्नाथ मठ माधवदास झीरा में हनुमान जन्मोत्सव भव्यता से सम्पन्न



**हैदराबाद, 02 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जगन्नाथ मठ, माधवदास झीरा में प्रति वर्ष की भांति हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष पूजा, अभिषेक, आरती, हनुमान चालीसा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन महंत अच्युत रामानुजाचार्य अजय स्वामी के सानिध्य में भव्य रूप से किया गया।

**विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाप्रसादी का आयोजन**

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में महंत अच्युत रामानुजाचार्य अजय स्वामी ने बताया कि वैकुंठवासी श्रीश्रीश्री त्रिदण्डी श्रीनिवास व्रतधर नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी के आशीर्वाद से श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास झीरा), सीताराम बाग के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 6:11 बजे से हनुमानजी की विशेष पूजा, अभिषेक, आरती, हनुमान चालीसा, भजन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। महाप्रसादी के मुख्य लाभार्थी श्रीमान सुखदेव श्रीनिवास लोया परिवार एवं मठ के अन्य भक्तगण रहे।

**प्राचीन स्वयंभू हनुमानजी के दर्शन का महत्व**

महंत अजय स्वामी ने बताया कि प्रातः 6 बजे से ही भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया था। मठ में 820 वर्ष प्राचीन स्वयंभू हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित है, जो विशेष आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि इच्छापूर्ति हनुमानजी के दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति**

आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से टीटीडी देवस्थानम धर्म प्रचार परिषद के बोर्ड सदस्य स्वामी कमलेश महाराज तथा लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार ने भाग लिया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**महंत अजय स्वामी को सम्मान**

अवसर पर महंत अच्युत रामानुजाचार्य (अजय स्वामी) को उनके द्वारा किए जा रहे जीवदया एवं सनातन धर्म सेवा कार्यों के लिए श्री राम अयोध्या चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से 'जीवदया सनातन धर्म रक्षा अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ट्रस्ट के चेयरमैन स्वामी कमलेश महाराज एवं ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार द्वारा प्रदान किया गया।

# भव्य हिंदू महासम्मेलन आयोजित हजारों की रही सहभागिता



**हैदराबाद, 02 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के अत्तापुर हैदरगुड़ा स्थित महात्मा गांधी सर्कल के पास शुक्रवार को भव्य हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विवेकानंद युवा संघ, शिवाजी युवा संघ, बाबू जगजीवन राम संघ एवं विभिन्न जातीय संगठनों से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर आरएसएस तेलंगाना के क्षेत्रीय कार्यकारी उपलांचा मल्लिकार्जुन, प्रख्यात उच्च न्यायालय की अधिवक्ता श्रीमती मोनिका सुनकारा तथा एम. विश्वनाथ शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान गर्व से कहो हम हिंदू हैं और हिंदू बनकर जियो, हिंदू होने का गर्व करो जैसे नारों के साथ उपस्थित जनसमूह में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

हिंदू महासम्मेलन का आयोजन सिद्धेश्वर द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कोलन जयपाल रेड्डी ने की। आयोजन के सफल संचालन एवं व्यापक सहभागिता ने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया।



अनोजीगुड़ा स्थित पोचारम पुलिस स्टेशन में सीआई कनकाया गौड़ ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभिन्न समाज प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कोरेमुला बडेर के अध्यक्ष कालूराम काग, कमल किशोर अगलेचा एवं दिनेश काग द्वारा सीआई कनकाया गौड़ का राजस्थानी साफा पहनाकर, शाल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया।

# प्रभावती जोन की सम्यक सामायिक सम्पन्न



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल के अंतर्गत संचालित 25 सामायिक जोनों में से कारखाना स्थित प्रभावती जोन द्वारा इस माह की सामायिक कौशल्या स्टेट में राजेन्द्रजी-प्रभा दूगड़ के निवास स्थान पर आयोजित की गई।यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्रीमती प्रभा दूगड़ ने बताया कि हैदराबाद में तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में लगभग 25 सामायिक जोन गठित हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिमाह सामायिक आयोजित करने का प्रयास करते हैं।सामायिक का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात विश्व शांति के लिए 4 लोगस्स का पाठ तथा भगवान शांतिनाथ का स्तवन गान किया गया। चैत्र माह में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक को ध्यान में रखते हुए ॐ श्री महावीराय नमः की माला एवं महावीर आरती का संगान किया गया।सामायिक का विषय कुछ नया खोजें, कुछ नया जानें रखा गया।

# श्री भलारा दादा का सामूहिक पाठ उत्साहपूर्वक सम्पन्न



**हैदराबाद, 02 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रामकोट स्थित श्री कच्छी भवन में श्री भलारा भक्ति मंडल के तत्वावधान में श्री भलारा दादा का सामूहिक पाठ बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुआ।

यहां जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में मंडल के सदस्य गुलाबचंद मोता एवं लहेरचंद लोडाया ने बताया कि श्री कच्छी ओसवाल ज्ञाति के कुलदेवता, सर्व दुःख निवारक एवं मनोवांछित फल प्रदाता श्री भलारा दादा के सामूहिक पाठ एवं प्रसादी का आयोजन चैत्र सुद 15 (पूर्णिमा), गुरुवार 2 अप्रैल 2026 को सायं 6:30 बजे (गोधूलि वेला) से किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सायं 7 बजे से सामूहिक पाठ, दादा की आरती एवं प्रसादी का आयोजन किया गया।

हंसकुमार सायला ने बताया कि इस वर्ष सामूहिक पाठ एवं प्रसादी का लाभ गुणमाला विरचंद नरशी लोडाया जागीरदार परिवार, बांडिया कच्छ तथा सिद्धार्थ कांतिलाल शाह को प्राप्त हुआ।

विधि-विधान के साथ कांतीलाल दामजी मोता एवं दिलीप पदमशी मोता ने कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। यह सामूहिक पाठ का आयोजन पिछले 34 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जो समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है।

कार्यक्रम में लगभग 200 भाइयों एवं बहनों ने भाग लेकर भक्ति भाव से आयोजन को सफल बनाया।

# अग्रवाल समाज कार्यालय में हनुमानजी की पूजा सम्पन्न

## तीन नए कार्यक्रमों की घोषणा



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा समाज कार्यालय में कुल प्रवर्तक महाराज अग्रसेन जी एवं संकट मोचन श्री हनुमान जी की पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न की गई। समाज के मंत्री विकास केसान ने जानकारी देते हुए बताया कि आज समाज के बंधुओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

ज्ञातव्य है कि हनुमान जयंती के दिन असंवैधानिक रूप से समाज कार्यालय पर ताला डाल दिया गया था तथा चाबी मांगने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था, जिसके चलते उस दिन कार्यालय द्वार पर ही पूजा संपन्न करनी पड़ी थी। इस घटना के उपरांत आज समाज के बंधुओं ने प्रायश्चित स्वरूप कार्यालय में विधिवत पूजा कर आयोजन को धूमधाम से सम्पन्न किया।

इस अवसर पर समाज द्वारा तीन नए कार्यक्रमों की घोषणा की गई। समाज द्वारा 9 अप्रैल से टैली प्रशिक्षण कक्षाएं दिलसुखनगर स्थित पीआर सॉफ्टवेयर के प्रांगण में प्रेम अग्रवाल के निर्देशन में प्रारंभ की जाएंगी। इसके साथ ही डिजिटल मार्केटिंग कोचिंग कक्षाएं एवं जॉब मेला की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

टैली प्रशिक्षण के लिए प्रति विद्यार्थी 1500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है तथा प्रशिक्षण के पश्चात शत-प्रतिशत रोजगार (प्लेसमेंट) की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम में अग्रवाल समाज तेलंगाना के उपाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, मंत्री विकास केसान, कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता, पूर्व कोषाध्यक्ष एवं बैंक्वेट हॉल अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक प्रेम अग्रवाल, सूर्या कमल, पीआर सॉफ्टवेयर के निदेशक रोशन अग्रवाल, जॉब मेला कमेटी के ललित अग्रवाल, स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन रमेश अग्रवाल, आईटी सेल कमेटी चेयरमैन रितेश अग्रवाल, नार्थ शाखा के कोषाध्यक्ष बिक्की सराफ, हैदरगुडा शाखा से पवन अग्रवाल तथा युवा सदस्य अमित कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# हर दिन सेवा, हर दिल में संवेदना : सुशील गुप्ता



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**
हैदराबाद राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिलर नंबर 1265 ए के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भव्य एवं सेवा भाव से ओत-प्रोत आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, भाकर राम कुमावत, कमला देवी कुमावत, भगत राम गोयल, मनीष चिंडालिया, प्रीतिका अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, सुशील गुप्ता, गौरव गोयल, उमाकांत गुप्ता एवं रवि शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों एवं राहगीरों को प्रेमपूर्वक भोजन वितरित किया गया। पूरे आयोजन में सेवा, समर्पण और मानवता का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया और सेवा को ही सच्ची पूजा बताया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सुशील गुप्ता ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप से जुड़ना हमारा सौभाग्य है।

हम इस महान सेवा कार्य में अपनी सहभागिता निभा पा रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि वर्ष के 365 दिन यह अन्नदान सेवा निरंतर जारी रहती है और वर्तमान में तीन केंद्रों पर नियमित रूप से संचालित हो रही है।उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य राधे रानी की कृपा, बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद और ईश्वरीय अनुग्रह से ही संभव हो पा रहा है। उन्हीं की प्रेरणा से यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम सभी स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि इस पुनीत कार्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# मुनिश्री दीप कुमार के सान्निध्य में भगवान महावीर जयंती मनाई गई



**हैदराबाद/सूर्यापेट, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनि श्री दीप कुमार जी के सान्निध्य में सूर्यापेट (तेलंगाना) में भगवान महावीर जन्म कल्याण दिवस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया।

मुनि श्री दीप कुमार जी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान महावीर समता योगी थे। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठोर परीषहों को सहन किया, जिनकी कथा अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि एक ही रात्रि में संगमदेव द्वारा 20 मारनांतिक कष्ट दिए गए, जिन्हें भगवान महावीर ने धैर्यपूर्वक सहन किया। 23 तीर्थंकरों के परीषह एक ओर हैं, वहीं भगवान महावीर के परीषह अद्वितीय हैं। दारुण कष्टों को जीतने के कारण ही वे वर्धमान से महावीर कहलाए।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान महावीर ने संसार को अहिंसा का संदेश दिया और हिंसा की धधकती आग को अहिंसा की वर्षा से शांत किया। उनका अनेकांत दर्शन आज भी अनेक समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त करता है।

इस अवसर पर मुनि काव्य कुमार जी ने जय महावीर भगवान गीत का सुमधुर संगान किया। तेरापंथी सभा सिकंदराबाद के सेवा संयोजक प्रेम बेगानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

ज्ञातव्य है कि मुनि श्री दीप कुमार जी आदि ठाना-2 का आगामी चातुर्मास तेरापंथी सभा सिकंदराबाद के तत्वावधान में तेरापंथ भवन, डी.वी. कॉलोनी में आयोजित होगा। मुनि श्री विजयवाड़ा में होली चातुर्मास सम्पन्न कर हैदराबाद की ओर विहाररत हैं।इस दौरान सभा अध्यक्ष सुशील संचेती, मंत्री हेमंत संचेती के साथ सभा, तेयूप एवं किशोर मंडल के सदस्य विहार मार्ग में निरंतर सेवा कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## भक्ति, संस्कार और संस्कृति का जीवंत संगम

# विप्र फाउंडेशन जोन 16 की मथुरा-वृंदावन यात्रा ने जगाई आस्था की नई ज्योति

**हैदराबाद, 02 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
विप्र फाउंडेशन जोन 16 के तत्वावधान में नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं अध्यक्ष हरिकिशन ओझा के नेतृत्व में मथुरा, वृंदावन एवं गिरिराज जी महाराज की पावन धार्मिक यात्रा का भव्य, सफल एवं अत्यंत भावनात्मक आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक यात्रा में सिखवाल समाज के कुल 26 श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े पावन स्थलों पर दर्शन, वंदन एवं पूजा-अर्चना कर अपने जीवन को धन्य किया।यात्रा के दौरान श्रद्धालु जब मथुरा की उस पवित्र भूमि पर पहुंचे, जहां भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तो वातावरण भक्ति और भावनाओं से सराबोर हो उठा। वृंदावन की गलियों में गूंजते राधे-राधे के जयघोष,



मंदिरों की मधुर घंटियों की ध्वनि और भक्तों की आंखों में उमड़ती आस्था ने सभी को भावविभोर कर दिया। गिरिराज जी महाराज की परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं ने न केवल धार्मिक अनुष्ठान किए, बल्कि अपने भीतर एक अद्भुत शांति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव भी किया।इस अवसर पर अध्यक्ष हरिकिशन ओझा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में जब नई पीढ़ी अपनी जड़ों से दूर होती जा रही है, ऐसे में इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं उन्हें हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनती हैं। हमें अपने बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि अपने संस्कार, धर्म और राष्ट्र की गौरवशाली विरासत से भी परिचित कराना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि यह यात्रा केवल तीर्थ दर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने, जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने और समाज में सेवा, समर्पण एवं एकता की भावना को प्रबल करने का एक दिव्य माध्यम है। ऐसी यात्राएं हमारी संस्कृति की महानता का एहसास कराती हैं, जिसे सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा उनके जीवन की अविस्मरणीय स्मृतियों में शामिल हो गई है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े पावन स्थलों के दर्शन कर उन्हें आत्मिक शांति, सुकून और नई ऊर्जा का अनुभव हुआ, जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।

इस धार्मिक यात्रा में हरिकिशन ओझा, परमेश्वरी ओझा, चंदा देवी ओझा, रमेश्वर लाल व्यास, तारा बाई व्यास, गीता तिवारी, मुन्नी देवी, शोभा, पिंकी, भगवती, राधिका, अरुण ओझा, जय व्यास, हितेश व्यास, अनिरुद्ध व्यास, सुरजी ओझा, निर्मला पुरोहित, श्रद्धा जायलवाल, रेखा व्यास, एकता ओझा, अतिथि ओझा, मीनल पुरोहित, कनिष्का व्यास, पूजा नागला, अपेक्षा पंडिया एवं यशी पंडिया सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।यह संपूर्ण यात्रा श्रद्धा, भक्ति, प्रेम और संस्कारों का ऐसा अद्भुत संगम बनी, जिसने सभी के हृदय में आस्था की नई ज्योति प्रज्वलित कर दी। यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से भी एक प्रेरणादायक पहल बनकर उभरी, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# भगवती बाई मॉन्टेसरी स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी उत्साहपूर्वक सम्पन्न



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल शिक्षा समिति की एक इकाई भगवती बाई मॉन्टेसरी स्कूल एवं टाइनी स्टार्स महावीर प्रसाद बजरंग लाल इंटरनेशनल प्ले स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।

**वंदे मातरम् एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ शुभारम्भ**

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत कर किया गया। इसके पश्चात माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि मनोज कुमार गोयल, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. मोहन गुप्ता, मानद मंत्री सी.ए. नवीन कुमार अग्रवाल, स्कूल के कॉरस्पॉडेंट शेष कुमार गोयल, प्राचार्या श्रीमती अराधना मोदानी एवं अकादमिक निदेशक डॉ. सरोज जैन के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

**अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत भाषण**

विद्यार्थियों द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि मनोज कुमार गोयल को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्या श्रीमती अराधना मोदानी ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि विद्यालय इस वर्ष अपने स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण कर रहा है, जो अत्यंत गर्व का विषय है।

**शिक्षा, संस्कार और अनुशासन पर दिया गया बल**

मानद मंत्री सी.ए. नवीन कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखने का आग्रह करते हुए कहा कि अत्यधिक मोबाइल उपयोग से बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बच्चों में अनुशासन, संस्कार एवं शिक्षा के महत्व पर बल दिया।

**मुख्य अतिथि का प्रेरणादायक संबोधन**

मुख्य अतिथि मनोज कुमार गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि इस विद्यालय में आकर उन्हें अपने बचपन की यादें ताजा हो गईं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में बी.बी.एम.एस. जैसा उत्कृष्ट मॉन्टेसरी विद्यालय नहीं देखा। उन्होंने एक प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से बताया कि प्रत्येक बच्चे में अलग-अलग प्रतिभाएँ होती हैं, जिन्हें पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाना आवश्यक है।

**प्रमाण-पत्र वितरण एवं रंगारंग प्रस्तुतियाँ**

कार्यक्रम में यू.के.जी. के विद्यार्थियों को कोर्स पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके पश्चात प्लेग्रुप से लेकर यू.के.जी. तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। रिदम ऑफ रूट्स, लिटिल सिक्स, बिग एनर्जी, जर्नी ऑफ जॉय, मस्ती की पाठशाला, स्मार्ट्स ब्रेन ओवर स्मार्टफोन्स, हेल्दी बाइट्स हैप्पी लाइफ, चैंपियंस इन द मेकिंग तथा टाइनी स्टेप्स टू बिग ड्रीम्स जैसी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

**सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार गोयल, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. मोहन गुप्ता, माननीय सचिव सी.ए. नवीन कुमार अग्रवाल, कॉरस्पॉडेंट श्री शेष कुमार गोयल, प्राचार्या श्रीमती अराधना मोदानी, अकादमिक निदेशक डॉ. सरोज जैन सहित अन्य संस्थाओं के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती बबीता गोयल ने किया, जबकि अंत में श्रीमती पूनम जैस्वाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हनुमान जन्मोत्सव पर गीत चाँदनी का भव्य कवि सम्मेलन सम्पन्न



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मच्छा बोलारम स्थित श्री लालदास बाबा मठ में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गीत चाँदनी संस्था द्वारा आयोजित भव्य भक्ति कवि सम्मेलन पूर्णिमा के दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।यह गीत चाँदनी के 45वें वर्ष की प्रतिमास श्रृंखला का छठा कवि सम्मेलन था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः श्री एकादशमुखी रुद्र हनुमान जी के पंचामृत अभिषेक से हुआ, उसके बाद सत्यनारायण कथा, दर्शन, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

महंत सरजू दास एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पंडित राजेंद्र जोशी के मार्गदर्शन में सभी धार्मिक अनुष्ठान सुचारू रूप से चले। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता चंपालाल बैद ने की, जबकि गोविंद अक्षय ने संचालन किया।

प्रमुख अतिथियों में अशोक दोशी, अनिल कुमार झा, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव शामिल रहे। कवियों ने भक्ति, देशभक्ति, सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर गीत, ग़ज़ल, हास्य-व्यंग्य का भावपूर्ण पाठ किया।

प्रमुख कवियों में गोविंद अक्षय, डी. प्रेमराज, दिनेश अग्रवाल शशि, आशा ठाकुर, ममता मिश्रा आदि ने भाग लिया। डी. प्रेमराज की परंपरा में दिनेश अग्रवाल शशि को 1100 की सम्मान राशि प्रदान की गई।

पंडित राजेंद्र जोशी ने मठ के संस्थापक बाबा शंभू दयाल दुबे की स्मृति में आयोजन का उल्लेख किया। महंत सरजू दास ने हनुमान जन्मोत्सव के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। शीतल जोशी सहित कार्यकर्ताओं ने आयोजन सफल बनाया।

# हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर स्पीकर गद्दाम प्रसाद कुमार को दी गई बधाई

**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
हनुमान जयंती के पावन अवसर पर तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) गद्दाम प्रसाद कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने उनसे भेंट कर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एन.के. सिंह, डी. श्रवण कुमार, अमरजीत सिंह और अन्य प्रमुख नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की। नेताओं ने भगवान हनुमान से उनके उत्तम स्वास्थ्य और



उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान नेताओं ने राज्य की प्रगति और सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर एन.के. सिंह और अन्य उपस्थित नेताओं ने गद्दाम प्रसाद कुमार के कुशल नेतृत्व की सराहना की। शुभकामना देने वालों में कांग्रेस के कई अन्य सक्रिय कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी शामिल रहे।

# अग्रवाल शिक्षा समिति के एमबीए व एमसीए विभाग ने रजत जयंती हेतु प्रतियोगिताएं शुरू की



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एस. डी. सिग्नोदिया कॉलेज के एम. बी. ए. विभाग द्वारा रजत जयंती हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रारंभ की गईं। एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा विभाग के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिताओं में निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत द फ्यूचर प्रोस्पेक्टस ऑफ द फाइनेंस मैनेजर इन द चेंजिंग वर्ल्ड सिनेरियो, द चैलेंज ऑफ मार्केटिंग फील्ड इन द चेंजिंग ए.आई. डिजिटल मार्केटिंग सिनेरियो, द प्रॉब्लम्स एंड प्रोस्पेक्टस ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजमेंट इन द करंट ग्लोबल सिनेरियो, इम्पैक्ट ऑफ ए.आई. ऑन कॉर्पोरेट सिस्टम एंड इट्स इंप्लीकेशंस। यह सभी विषय विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धक की दृष्टि से रखे गए हैं जिसमें 92 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसके अतिरिक्त रंगोली में प्रथम वर्ष के 8, द्वितीय वर्ष के 8, होम मैनेजर, मेहंदी में प्रथम वर्ष के 8, द्वितीय वर्ष के 3, कुकिंग में दोनों वर्ष के 3-3 प्रतियोगी थे। इसके पश्चात आगामी शनिवार को गायन, नृत्य, चेस, कैरम प्रतियोगिता एम. बी. ए. एवं एम. सी. ए. दोनों विभाग द्वारा समूहिक रूप में की जाएगी।

उस्मानिया यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 7 विषयों में विभाग की पवार निकिता को सभी 7 विषयों में आउट स्टैंडिंग ग्रेड प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त जी. ज्योति, हाजीरा बतुल, स्नेहा अग्रवाल, कृष गाड़िया, हनीशा को 6 विषय में आउट स्टैंडिंग तथा एक विषय में ए. प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ तथा निकिता ठाकुर को 6 विषय में आउटस्टैंडिंग तथा एक विषय में ए ग्रेड प्राप्त हुआ जिनका सम्मान शॉल ओढ़ाकर किया गया तथा उनको बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं।इनके अतिरिक्त निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी के. रंगनाथ ने अगले माह एम. बी. ए. एवं एम. सी. ए. विभाग की रजत जयंती कार्यक्रम हेतु करवाए जा रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु आग्रह किया। उन्होंने बताया वर्तमान कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल जब 2001 में कोर्स प्रारंभ हुआ उस समय भी दोनों विभाग के कोरेस्पोंडेंट तथा अग्रवाल शिक्षा समिति के मानद मंत्री थे एवं दोनों विभाग के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भी दोनों विभाग के कोरेस्पोंडेंट हैं एवं उनके नेतृत्व में हम यह रजत जयंती समारोह मना रहे हैं। कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ जीवन में उन्नति करने हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुसार कार्य कर सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया तथा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यार्थी गण, विभाग के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल, विभाग की निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी के. रंगनाथ, सहायक प्रोफेसर वेंकटेश, सत्यजीत सिंग, रश्मिता, पद्मजा, किरण लाइब्रेरियन सीनू, कार्यालय प्रभारी सुनयना, मनोज एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# बेगम बाजार में सेवा का उजाला: अन्नदान से जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने शनिवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का श्रद्धा, सेवा और मानवता के भाव के साथ आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर संतोष और खुशी की झलक स्पष्ट दिखाई दी। इस पुनीत कार्य ने न केवल भूखों का पेट भरा, बल्कि समाज में सेवा और परोपकार का संदेश भी फैलाया।

इस अवसर पर गोविंद राम पचेरिया, महेश गोयल, अरुण विजयवर्गीय, मीना गोयल, नीलम विजयवर्गीय, रेणु शर्मा सहित ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य में अपना योगदान दिया और इसे सफल बनाया।

ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि अन्नदान से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं होता। इसी उद्देश्य के साथ राधे-राधे ग्रुप समय-समय पर इस तरह के सेवा कार्यों का आयोजन करता रहता है, ताकि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो।

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन 2026 की तैयारियाँ तेज

## कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन 2026 के संदर्भ में, राष्ट्रीय संयोजक श्री ए.के. वाजपेयी के नेतृत्व में आगामी अक्टूबर माह में प्रस्तावित भव्य सम्मेलन की तैयारियों हेतु कार्यकारिणी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों अनिल स्वरूप मिश्रा, आलोक शुक्ला, जितेन्द्र कुमार अवस्थी, अमित मिश्रा, आशीष दीक्षित, आनंद दीक्षित, अभिनव तिवारी, प्रदीप कुमार त्रिपाठी (भोला), रूबी मिश्रा, नीता मिश्रा, प्रभा शुक्ला, आकांक्षा वाजपेयी, आशा मिश्रा, सीमा मिश्रा, चंद्रकांता अवस्थी, रेणु, गीता द्विवेदी, विनय तिवारी, अशोक तिवारी एवं महेश त्रिपाठीने सक्रिय सहभागिता करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा, आयोजन व्यवस्था, विभिन्न समितियों के गठन तथा जिम्मेदारियों के निर्धारण पर विस्तृत चर्चा की।

साथ ही सम्मेलन को सुव्यवस्थित, प्रभावशाली एवं व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए आवश्यक रणनीतिक बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को हैदराबाद में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयोंजैसे शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक संरक्षणपर व्यापक चर्चा की जाएगी।

बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने सम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु अपने पूर्ण सहयोग और समर्पण का संकल्प व्यक्त किया।

# अलकिफ़ाह टूर्नामेंट का भव्य समापन: गोल्डन सीसी ने रोमांचक मुकाबले में मारी बाजी



**जेद्दाह (सऊदी अरब), 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अलकिफ़ाह टूर्नामेंट संख्या 2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। क्रिकेट के इस महाकुंभ का अंतिम मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया।यह मुकाबला अंत तक किसी भी टीम के पक्ष में झुक सकता था, लेकिन अंततः गोल्डन सीसी ने जीत दर्ज की।

दोनों ही टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना के शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी गई।हैदराबाद के रहने वाले मिस्टर नईम के नेतृत्व में अलकिफ़ाह आयोजन टीम वर्ष 2016 से जेद्दाह में सफलतापूर्वक क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कर रही है। इस बार भी टीम ने एक शानदार इवेंट पेश कर अपनी सफलता की परंपरा को बरकरार रखा।इस कार्यक्रम की शोभा साटा के संस्थापक अध्यक्ष मिस्टर मल्लेसन की उपस्थिति ने और बढ़ा दी। उन्होंने दोनों टीमों को ट्राफियां प्रदान कीं, जिससे यह अवसर और भी खास बन गया।टूर्नामेंट की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मुजम्मिल, आजम शकीर भाई, रहमत और उन सभी लोगों का विशेष आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने इस टूर्नामेंट में भाग लिया और सहयोग दिया।

सामूहिक प्रयासों के कारण ही यह भव्य सफलता संभव हो पाई है।साटा रियाद के अध्यक्ष मिस्टर श्रीनिवास मच्छा और पूर्वी प्रांत (ईस्टर्न प्रोविंस) के अध्यक्ष मिस्टर तेजा ने भी विजेता टीमों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। आयोजन टीम ने भविष्य में इसी तरह के और भी सफल टूर्नामेंट आयोजित करने की उम्मीद जताई है।

# माता-पिता की अनदेखी पर बिल पारित करने पर राजेश्वर ने जताया आभार



**निज़ामाबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** निज़ामाबाद जिला सीनियर सिटीजन राइट्स प्रोटेक्शन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मायावार राजेश्वर ने तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार द्वारा विधानसभा में कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता भरण-पोषण निगरानी विधेयक 2026 पारित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।श्री राजेश्वर ने बताया कि यदि कर्मचारी अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो उनके वेतन से 15% या 10,000 रुपये (जो भी अधिक हो) की कटौती की जाएगी। काटी गई यह राशि सीधे माता-पिता के बैंक खातों में जमा की जाएगी।श्री राजेश्वर ने स्पष्ट किया कि यह कानून सरकारी और निजी कर्मचारियों के साथ-साथ विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, कॉर्पोरेशन चेयरमैनों और विभिन्न जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। उन्होंने जानकारी दी की यदि माता-पिता को कोई समस्या आती है, तो वे जिला कलेक्टर को आवेदन दे सकते हैं। आवेदन के 60 दिनों के भीतर समस्या का समाधान किया जाएगा।राजेश्वर ने माता-पिता के हितों को ध्यान में रखते हुए इस ऐतिहासिक बिल को लाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री श्री ए. रेवंत रेड्डी, राज्य सरकार और तेलंगाना राज्य मंत्रिमंडल का वरिष्ठ नागरिकों की ओर से आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने जिला अधिकारियों से इस कानून को सख्ती से लागू करने का भी अनुरोध किया।

# वरिष्ठ हिन्दी सेवी विजया नामदेव वाघमोड़े नहीं रहीं



**हैदराबाद, 4 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वरिष्ठ हिन्दी सेवी, हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद- नगर जिला समिति की मंत्री, हिप्रस की संचालन समिति की सदस्य तथा सिक्स्थ सेंस स्कूल की संस्थापक श्रीमती विजया नामदेव वाघमोड़े का शुक्रवार, 3 अप्रैल को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। 54 वर्षीय श्रीमती विजया ने तड़के 2:16 बजे पांडुरंगनगर, अत्तापुर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वे जीवनभर अपने पति व हिन्दी प्रचार सभा के रजिस्ट्रार नामदेव वाघमोड़े के साथ जीवन के अंत तक हिन्दी की सेवा में रत रहीं। हिप्रस के अध्यक्ष चंद्रदेव भगवंतराव कवड़े, प्रधान मंत्री गैबुवली और परीक्षा मंत्री सुरेश पुरी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती विजया के रूप में प्रचार सभा ने एक अनमोल रत्न खो दिया है। उनके जाने से सभा व हिन्दी जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। शुक्रवार दोपहर को पुराना पुल स्थित शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, हिन्दी सेवी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सनतनगर में भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित बूथ स्तर पर प्रचार तेज करने का आह्वान



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सनतनगर में भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी डिवीजन अध्यक्ष, सेक्रेटरी एवं इंचार्ज को आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशिधर रेड्डी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यप्रणाली और प्रभावी तरीके से कार्य करने के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर संपर्क स्थापित करना चाहिए और बूथ स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है, ताकि संगठन को और मजबूत बनाया जा सके।बैठक में डिवीजन अध्यक्ष नरेश, भाजपा नेता सपना गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष श्रीशैलम, सीनियर लीडर दयानंद, जनरल सेक्रेटरी सत्यनारायण, सुधाकर, लक्ष्मी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

DAILY शुभ लाभ
Classifieds

**CHANGE OF NAME**
I, PACHIAMMAL Mother of Service No.JC 698086P Sub/NT MANICKAM MG, Residing at 93 I/29, Ashok Nagar, 1st Street, Thoothukkudi, Tamilnadu-628008 have changed my name from PACHIAMMAL to G PETCHIAMMAL vide affidavit dt:02-04-2026 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, M A GURU PRASAD son of Service No.JC 698086P Sub/NT MANICKAM MG, Residing at 24, V O C Nagar B, VTC:Palayamkottai, PO:V.M.Chathiram, Teh:Tirunelveli, Tamilnadu-627011 have changed my name from M A GURU PRASAD to GURU PRASAD M A vide affidavit dt:02-04-2026 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No. 15428469M, Rank:HAV, Name: B. MADHU SUDHANA RAO S/o. BANDAPALLE VENKATA SWAMI, resident of H.No.2-78, Pesaravayi, Kurnool District, A.P., and presently R/o. H.No.9-1-34/30/82, Bapu Nagar, Langer House, Hyderabad. But in my Service records her name is mentioned as B. ANKALAMMA instead of BANDAPALLE ANKALAMMA which is one and same by the name/person & her date of birth is mentioned as 01-07-1962 instead of 01-01-1946

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No. 15428469M, Rank:HAV, Name: B. MADHU SUDHANA RAO S/o. BANDAPALLE VENKATA SWAMI, resident of H.No.2-78, Pesaravayi, Kurnool District, A.P., and presently R/o. H.No. 9-1-34/30/82, Bapu Nagar, Langer House, Hyderabad, TS But in my Service records his name is mentioned as B. CHINA VENAKTA SWAMY instead of BANDAPALLE VENKATA SWAMI which is one and same by the name & his date of birth is mentioned as 01-07-1960 instead of 01-01-1941

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14670300M,Rank-HAV, Name-MAKTUMSAB ASHEKHAN Residing at VTC-Konnur, PO-Konnur, Sub District-Nargund,Dist-Gadag,PIN-582206, State-Karnataka. I have changed my Father name from HASAN SAB ASHEKHAN to HASANASAB HASANASAB ASHEKHAN and also Date of Birth changed from 01/07/1959 to 01/06/1952 Affidavit dated 04 Apr 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14670300M,Rank-HAV, Name-MAKTUMSAB ASHEKHAN Residing at VTC-Konnur, PO-Konnur, Sub District-Nargund,Dist-Gadag,PIN-582206, State-Karnataka. I have changed my Mother name from PATOOBI ASHEKHAN to FATOBI ASHEKHAN and also Date of Birth changed from 01/07/1960 to 24/07/1965 Affidavit dated 04 Apr 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14660829Y,Rank-HAV, Name-DEMUDU KASIREDDY Residing at H No- 4-44 Cheedikada Mandalam,VTC-Manchala, PO-Manchala, Sub District-Cheedikada, Dist-VisakhapatnamPIN-531028, State-Andhra Pradesh. I have changed my Mother name from K CINTHALLI to KASIREDDY CHINNATALLI and also Date of Birth changed from 01/07/1958 to 15/03/1954 Affidavit dated 04 Apr 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14659133F,Rank-HAV, Name-RAVIKUMAR TAMMINANA Residing at H No- 2-21,Pundi Galli, Vill-Vajrapukotturu, VTC- Nagarampalle, Dist-Srikakulam,PIN-532222, State-Andhra Pradesh. I have changed my Father name from RAMAYYA to TAMMINANA RAMAYYA and also Date of Birth changed from 01/07/1960 to 01/01/1959 Affidavit dated 04 Apr 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14659133F,Rank-HAV, Name-RAVIKUMAR TAMMINANA Residing at H No- 2-21,Pundi Galli, Vill-Vajrapukotturu, VTC- Nagarampalle, Dist-Srikakulam,PIN-532222, State-Andhra Pradesh. I have changed my Mother name from T MAHALAKSHMI to TAMMINANA MAHALAXMI and also Date of Birth changed from 01/07/1964 to 01/01/1971 Affidavit dated 04 Apr 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, NIRMLA DEVI Mother of Service No-14689294Y,Rank-HAV, Name-Nand Lal Residing at H No- 737, Street No-3,Chahal Road, Green Avenue Left,VPO-Faridkot,Dist-Faridkot,PIN-151203,State-Punjab. I have changed my name from NIRMLA DEVI to NIRMALA DEVI * and also Date of Birth changed from *01/07/1958 to 01/01/1965 Affidavit dated 01 Apr 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

# बासर मंदिर विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे मुख्यमंत्री



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी 06 अप्रैल को निर्मल जिले स्थित बासर मंदिर में 225 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे।मुख्यमंत्री ने शनिवार को मंदिर के प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने मास्टर प्लान प्रस्तुत किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कई सुझाव देते हुए आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को उत्कृष्ट तरीके से लागू किया जाना चाहिए और विकास कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए पारंपरिक धार्मिक प्रथाओं का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। भविष्य की जरूरतों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने चौड़ी सड़कों और बेहतर बुनियादी ढांचे की योजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने मंदिर परिसर के आसपास केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को अनुमति देने का भी प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि तिरुमाला की तर्ज पर मंदिर परिसर में राजनीतिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होनी चाहिए। इस बैठक में मंत्री कोंडा सुरेखा, सांसद वेम नरेंद्र रेड्डी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने गोलकोंडा जिला भाजपा बैठक में चुनावी तैयारी का आह्वान किया







**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोलकोंडा जिला भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष टी. उमा महेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और आगामी जीएचएमसी चुनावों के लिए रणनीतिक रोडमैप जारी किया।

केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से हर समय चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चुनाव की अधिसूचना इस महीने या अगले महीने कभी भी जारी हो सकती है। प्रमुख निर्देशों में- बूथ समितियों का सुदृढ़ीकरण: सभी बूथ समितियों के कार्य को तत्काल पूरा करना और उनका सत्यापन करना।

मतदाता सूची पुनरीक्षण: विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पर गहन ध्यान केंद्रित करना। प्रत्येक मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता को प्रति  नए मतदाताओं का नामांकन करने का लक्ष्य दिया गया है।

शिक्षण अभियान: बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला (सम्मेलन) आदि शामिल हैं।

जनता से जुड़ने के लिए पार्टी अप्रैल में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें- 5 अप्रैल: बाबू जगजीवन राम जयंती। 6 अप्रैल: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) स्थापना दिवस। 11-12 अप्रैल: राजनीतिक प्रशिक्षण शिविर और नए जुड़े बूथों की समीक्षा बैठकें। 14 अप्रैल: डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती।

मंत्री किशन रेड्डी ने सभी कार्यकर्ताओं को जमीन पर रहकर सार्वजनिक मुद्दों के लिए लड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों को जिला कलेक्टर, जोनल कमिश्नर और एचएमडब्ल्यूएस अधिकारियों तक पहुँचाने के लिए उनके कार्यालय से औपचारिक पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं।

इस बैठक में जी. शंकर यादव, लाल सिंह, डॉ. सुरक्षा ओम प्रकाश, राकेश जायसवाल, अमर सिंह जी, नवनिर्वाचित राज्य कार्यकारिणी सदस्य, पासम सुरेंद्र, जिला महासचिव सुरेंद्र और अनंत कृष्णा, श्रीराम व्यास, नटराज नामधारी (जिला सचिव प्रेस एवं मीडिया), नरसिम्हा के साथ-साथ गोलकुंडा जिले के मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

# नायडू ने अमरावती राजधानी के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने का दिया निर्देश

**विजयवाड़ा, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि राजधानी अमरावती का निर्माण निर्धारित समय पर पूरा होना चाहिए और घोषणा की कि प्रधानमंत्री इस परियोजना का उद्घाटन करेंगे।



आज शिविर कार्यालय में पूंजी निर्माण में शामिल विभिन्न ठेका एजेंसियों के साथ आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रगति की लगातार निगरानी करने और समय पर निर्माण कार्य पूरा करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि राजधानी शहर में 57,821 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे निर्माण कार्य वर्तमान में विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 50,943 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं। समीक्षा में आवास, सड़कों, मुख्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं (एलपीएस) की सुविधाओं और विधानसभा, उच्च न्यायालय और सचिवालय भवनों जैसी प्रतिष्ठित संरचनाओं में हुई प्रगति का जायजा लिया गया।

वर्तमान में, राजधानी के निर्माण कार्यों में लगभग 20,000 श्रमिक और विशेषज्ञ कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक ठेकेदार के कार्य की समीक्षा की, लक्ष्यों के मुकाबले प्रगति का आकलन किया और कुछ एजेंसियों द्वारा की गई देरी पर असंतोष व्यक्त किया।

ठेकेदारों ने विभिन्न राज्यों में चल रहे चुनावों के कारण श्रमिकों की कमी की जानकारी दी, जिसके चलते श्रमिक अपने पैतृक स्थानों पर लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कुशल श्रमिकों का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि साप्ताहिक और मासिक लक्ष्य निर्धारित किए जाएं और उनका कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने दोहराया कि पूंजीगत निर्माण के लिए धन की कोई कमी नहीं है और कई परियोजनाओं का प्रबंधन कर रहे ठेकेदारों से अपने काम पर अधिक ध्यान देने का आग्रह किया।

उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता, लागत-प्रभावशीलता और हरित ऊर्जा तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरावती को नवाचार और उत्कृष्टता के साथ भविष्य के लिए तैयार शहर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूंजीगत कार्यों के लिए आवश्यक रेत और बजरी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कमी के कारण कोई भी काम में देरी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और वरिष्ठ अधिकारियों को कृष्णा, गुंटूर और एनटीआर जिलों के कलेक्टरों के साथ समन्वय स्थापित करके मुद्दों को तत्काल हल करने का निर्देश दिया।




# हैदराबाद की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए हेरिटेज वॉक का आयोजन



**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना पर्यटन विभाग ने हैदराबाद की समृद्ध वास्तुकला, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को बढ़ावा देने और उसके संरक्षण के मकसद से एक विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया।ये हेरिटेज वॉक हर सप्ताहांत पर यानी दूसरे शनिवार और रविवार को आयोजित की जा रही है। इनका उद्देश्य पर्यटकों, छात्रों, वास्तुकारों और विरासत प्रेमियों के बीच जागरूकता पैदा करना है और साथ ही शहर की विरासत के संरक्षण को भी प्रोत्साहित करना है। इस पहल के तहत शनिवार की वॉक में चारमीनार से चौमहल्ला पैलेस तक के प्रतिष्ठित मार्ग को शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्लोबल शेपर्स कम्युनिटी की लगभग 60 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ये प्रतिनिधि शिकागो (अमेरिका), माले (मालदीव), थिम्पू (भूटान) और कैंडी (श्रीलंका) जैसे अंतरराष्ट्रीय केंद्रों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इनके साथ ही अजमेर, अहमदाबाद, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, चेन्नई, कोयंबटूर, पुडुचेरी और अमरावती सहित भारत के कई शहरों से भी प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने इस वॉक में सक्रिय रूप से भाग लिया और इस दौरान उन्हें हैदराबाद की विरासत के बारे में गहरी जानकारी मिली।

उन्होंने यहां के जीवंत सांस्कृतिक परिदृश्य का भी अनुभव किया। उन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे शहर के ऐतिहासिक स्थलों की गहन और अनुभवपूर्ण खोज के रूप में वर्णित किया।पर्यटन विभाग ने कहा कि वह हैदराबाद को एक प्रमुख हेरिटेज पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने और इसकी सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति लोगों में और अधिक सम्मान व सराहना की भावना जगाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा।

# बिहार में जहरीली शराब से मौतों पर तेलंगाना बिहार सहयोग समिति ने जताया शोक

**हैदराबाद, 04 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिहार में जहरीली शराब के सेवन से हुई दुखद मौतों की घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना पर तेलंगाना बिहार सहयोग समिति ने गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।



समिति के अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं लंबे समय से सामने आती रही हैं, जो समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी हैं।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि मामले में कड़े कदम उठाए जाएं और घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.